# ईजेबेल का धर्म

आइए हम कुछ क्षण के लिए खड़े रहें, जबकि हम परमेश्वर को धन्यवाद देते हैं। आइये हम अपने सिरों को झुकाये।

अनुग्रहकारी और पवित्र पिता परमेश्वर, हम बहुत ही आनंदित हैं कि आप एक—एक परमेश्वर हैं, और परेशानी के समय आप एक उपस्थित सहायता हैं। आपने जो हमारे लिए किया उसके लिए हम आपके धन्यवादित हैं। हम इसे अपने हृदय से व्यक्त नहीं कर सकते, कि हम इसकी कैसे सराहना करे, और कैसे आप हमारे बचाव के लिए आते है जब हम संकट में होते हैं। हमने वर्षों में होते हुए सीखा है, कि आप पर भरोसा करे और आपका विश्वास करें।

प्रभु मैं इस दोपहर को, प्रार्थना करता हूं, कि आप अपनी आशीषे लोगों पर उंडेलेगे। जब यह सभा समाप्त हो तो होने पाए हमारे मध्य में एक व्यक्ति भी दुर्बल ना हो। यदि यहां कोई ऐसा होगा जो परमेश्वर के साथ सही नहीं है, होने पाए वो सामर्थ जिसने यीशु को कब्र से उठाकर खड़ा किया, उनकी मरणहार देह को जिलाए, प्रभु, और उनके प्राण को, और उन्हें आपकी ओर फेर दे। प्रभु, इसे प्रदान करें। वे जो बिना पवित्र आत्मा के है, होने पाए यह उनके लिए एक महान दिन हो जिसे वे कभी ना भूल पायेंगे, क्योंकि होने पाए यह वो दिन हो कि परमेश्वर अपनी आत्मा को उन पर उंडेल दे। प्रभु, इसे प्रदान करें। हमारे पापों को क्षमा करें।

हम प्रार्थना करते है कि आप भाई सुलिवन को आशीषित करेंगे, हमारा कृपालु और मूल्यवान मित्र, और लोगों के प्रति उसके विचार, और उनके लिए हर संभव संभावना को लाने का यत्न करता है जो वह कर सकता है, ताकि उनकी सहायता कर सके। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप भाई सुलिवन को आशीषित करेंगे।

सारे देश भर में सेवको को आशीषित करे, हर स्थान में। उन्हें बहुत अधिक बहुतायत से देना, प्रभु। होने पाए वे पुलपीट में हिम्मत से खड़े हों और परमेश्वर के वचन की घोषणा करें, क्योंकि हम इस संसार के इतिहास के अन्त के समय में जी रहे हैं। इन समयों में आपकी भलाई हम पर बनी रहे। क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

बैठ सकते है।

मैं आप लोगों का आभारी हूं, जैसे परमेश्वर का, इस के लिए। भाई सुलिवन ने इसे स्वयं अपने ऊपर लिया है। आप देखिए, भाई सुलिवन के लिए ऐसा करना ठीक नही होता, इसलिए हम इसके लिए तैयार थे। इस दया के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं।

2 और, अब, उस—उस प्रेम भेंट के लिए, यह... आपको यह नहीं लेना था। नहीं, यह आवश्यक नहीं था। देखिए, बस... वे खर्चो का भुगतान करते हैं, होटल और खाना, जो हमने खर्च किया था, और यही सब आवश्यक था। लेकिन आपका धन्यवाद, बहुत ही दयालुता से, और यह पैसा मशीनरियों की सहायता के लिए जाएगा और लोगों को परमेश्वर के पास लाएगा। इसके साथ कोई सिगरेट नहीं खरीदी जाएगी, कोई भी व्हिस्की, कुछ भी नही जो गलत है, यह सही चीज के लिए उपयोग होगा। और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर इसे वहां आपके खाते में डालेगा, और इसे दस हजार से गुणा करेगा, हर एक डॉलर, या—या पाई, या पैसे को जो आपने इस सेवा के लिए दिया है।

3 और, अब, मैं संयुक्त राज्य की सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमें यह भवन बैठने के लिए दिया, ताकि इन सभाओं को कर सके। निश्चय ही मैं उनका पूर्ण ह्रदय से धन्यवाद करता हूं।

4 और जैसा कि मैं समझता हूं, भाई सुलिवन ने कहा है कि हर एक चीज का भुगतान कर दिया जाएगा। हमने अभी तक किसी भी शहर से कभी एक पैसा भी कर्जा छोड़कर नहीं निकले हैं, बल्कि हर एक चीज़ का पूरा भुगतान किया गया है; हम बस और किसी चीज पर विश्वास नहीं करते। आपको किसी का कर्जदार नहीं होना चाहिए, आपको सीधा और सच्चा होना चाहिए। और यदि आपके ऊपर किसी का कर्जा है, जाकर उससे कहे और बताये कि आप उसके कर्जदार हैं, बस जरा सा समय दे, और आप इसका भुगतान कर देंगे। समझे? हमेशा ही, यही एक बेहतर... यह मसीहत की एक सही निशानी है: ईमानदार होना, साफ रहना।

5 आप वैसे ही जीना चाहते हैं, ठीक जैसे आप बात करते हैं। यदि आप स्वयं इसे नहीं जीते, तो आप किसी और से क्या आशा करते है कि वह इसे जीए, आप समझे। आप लिखित पत्रियां है, जिसे सब मनुष्यो के द्वारा पढ़ा जाता है, इसलिए हमेशा ईमानदार, न्यायपूर्ण और सच्चे बने रहे। सच्चाई

को बोले, कोई मतलब नहीं किसी को इससे कितनी तकलीफ होती है। जो भी हो, सच्चाई को बोले, क्योंकि हर बार आप उसको वैसा ही बता सकते हैं। और यदि आप झूठ बोलते हैं, तो आपको लाखों मील का चक्कर लगाना पड़ेगा, और फिर से आपको उसी झूठ पर आना पड़ेगा; और आप बस इसे एक भयानक चीज बना देंगे। बस ईमानदार बने रहे, और आप इसे हमेशा एक ही प्रकार से बता सकते हैं क्योंकि यह सच्चाई है।

6 बाईबल के साथ भी ऐसा ही है। इसे वैसे ही बताएं जैसा बाईबल कहती है, इसके साथ कोई समझौता ना करे, वैसा ही कहे जैसा है, ठीक... ये ठीक यहाँ पर लिखा हुआ है और—और आप अपनी उंगली उस पर रख सकते हैं। ये—ये... इसी प्रकार से आप शैतान को हराते हैं। शैतान ने यीशु से कहा, "यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो हम तुझे एक अद्भुत कार्य करते देखें। वे कहते हैं कि तू 'एक अद्भुत कार्य करने वाला' हैं। इन पत्थरों को रोटी में बदल दे, और आओ हम देखें। तू भूखा है।"

7 उसने कहा, "लेकिन ऐसा लिखा है, मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा।" समझे? उसने पिता का वचन लेकर और शैतान को हरा दिया, ठीक उसी के अपने ही आधार पर। इसलिए आप भी वही चीज कर सकते हैं, शैतान को प्रभु के वचन से उसी के आधार पर हराये।

8 फिर, मैं हमेशा भाई सुलिवन का आभारी रहूंगा। यह... इस अभिव्यक्ति के लिए क्षमा करें: मैं सोचता हूं जब उन्होंने भाई सुलिवन को बनाया कि उसने बस नमूने को फेंक दिया। उसके जैसा कोई नहीं है। वहाँ केवल एक ही व्यक्ति है जिससे मैं कभी अपने जीवन में मिला हूं, जिसने मुझे भाई सुलिवन की याद दिलाई, वह भाई ई. हावर्ड कैडल थे। मैं नहीं जानता कि यह उसे जानता है या नहीं, उससे वो—वो... भाई कैडल, भाई सुलिवन के जैसा ही एक अच्छा पुराना ग्रामीण लड़का था। और वह अपने हाथों को अपनी जेबों में अंदर तक डाल देता इतना तक कि उसका कमर में का पट्टा नीचे चला जाता था, और अपने मुंह को एक ओर करके बात करता, और वह बस एक ही ई. हावर्ड कैडल था। और इसी प्रकार से मैं—मैं भाई सुलिवन को मित्र के रूप में पाकर खुश हूं और सुसमाचार में एक भाई। और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर उसे आशीषित करेगा और वहां उसकी छोटी कलीसिया को, उसकी मूल्यवान पत्नी, और उसके प्रियजनो को।

9 और आप लोग, दूसरे सेवक जो यहां पर है, आपको और आपके सभा

के लोग, पूर्ण सुसमाचार के प्रचारक, वचन की कुछ तकनीकी चीजों पर हम शायद एक दूसरे से सहमत ना हो। बहुत सी चीजों में मैं अपनी पत्नी से सहमत नही होता हूं। और आप जानते हैं यह किस बात पर होता है? वह सेब के पकवान को पसंद करती है और मैं चेरी का पकवान पसंद करता हूं, सो हम असहमत होते हैं। और मैं आपको बताता हूं मैं स्वयं क्या करता हूं: मैं अच्छा गर्म चेरी का पकवान पसन्द करता हूं (मैं इसे ठीक तभी तैयार करता हूं) और उसके ऊपर मक्खन डालता हूं, और फिर उसके ऊपर गुड़ डालता हूं; और, भाई, आपके पास कुछ तो खाने के योग्य होता है! मेरी पत्नी इसे खाने से डरती है। मैं सोचता हूं कि वह इसकी कैलोरी से डरती है। वह इसे पसंद कर सकती है, लेकिन आप जानते हैं महिलायें कैसी होती हैं, वे डरती हैं... वे इतनी पतली हो जाती हैं कि आप उन्हें एक पिन से चिपका दे और हड्डी तक काट सकते है, और फिर भी और वे—वे पतला होना चाहती हैं। उनका ऐसा ही स्वभाव होता है, मैं समझता हूं, इसलिए वे... और, लेकिन मैं इसे पसंद करता है। अब, हम इस पर असहमत होते हैं, दूसरी चीजों में हम ठीक हैं। लेकिन, आप देखते हैं, हम पूरी तरह से सहमती में नहीं हैं। इसलिए हम उसी चीज को देखेंगे, भाइयों, लेकिन मुख्य बात यह है, हम पकवान को खा रहे हैं, यही मुख्य बात है।

10 मुख्य रूप में, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे पर, और मसीह के आगमन पर, और महान सुसमाचारक, बाईबल के मूल सिद्धांत में, हम निश्चित रूप से उसके साथ हाथ में हाथ डाले खड़े हैं। एक बडे एकजुट भाइयों के समान, बिना संप्रदाय की बाधा के, बिना किसी चीज के जो हमें रोके, हम कलवरी की ओर एक महान सेना के समान एक साथ मिल कर आगे बढ़ रहे है।

11 यदि मैं कभी आपकी कोई सहायता कर सकता हूं, तो इसे करने में मुझे आनन्द मिलेगा। और मुझे यकीन है कि आप भी मुझसे उसी बात को कहेंगे। और आप मेरी सहायता कर सकते हैं। और आप एक चीज कर सकते हैं, जो मैं जानता हूं, कि मेरे लिए प्रार्थना करे, कि परमेश्वर मुझे कभी भी गलत नहीं जाने देगा। मैं—मैं—मैं... मेरे ह्रदय में गलत जाने की इच्छा नहीं है, मैं—मैं सही जाना चाहता हूं, मैं वही करना चाहता हूं जो सही है। क्योंकि मैं समझता हूं, कि जैसा भाई जैक मूर ने मुझे एक बार बताया था, उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, मैं आपके सारे अनुभवो के लिए आपके स्थान पर खड़ा नही रहूंगा, न्याय के दिन पर, क्योंकि परमेश्वर आपसे एक बड़े

उत्तर की मांग करने जा रहा है," कहा, "क्योंकि उसने आपके हाथों में लाखों लोगों को दिया है।"

12 अब, यदि मुझे पता है कि मुझे वहां खड़ा होना है और उन लोगों के लिए उत्तर देना है, तो फिर मेरे पास प्रचार करने के लिए किस प्रकार का सुसमाचार है? किस प्रकार की ईमानदारी, जब कि उसके लहू के खरीदे हुए, मेरे हाथों में है? और जैसा कि उसने मुझे एक दान दिया है कि... बिना किसी सन्देह के, कोई भी समझदार व्यक्ति जान जाएगा कि यह तो परमेश्वर की ही ओर से आया है। और इसके द्वारा, यदि मैं किसी को गलत मार्ग पर मार्गदर्शन करूं, केवल इसलिए कि किसी झुण्ड ने कहा, कि न्याय के दिन परमेश्वर मुझ से इसके लिए भुगतान करने को लगाएगा।

13 लेकिन अधिक समय नही हुआ कि मैंने दर्शन देखा, और उन लोगों को चिल्लाते हुए सुना... क्या आपको कल रात आपकी छोटी किताब मिली? वो—वो बिजनेस मेन्स की *वॉयस*। यह अच्छा है। और दर्शन में... हम इसे कभी तो पूरे विवरण के साथ छापेंगे; यह इसकी पूरी कहानी नहीं है। लेकिन उसमें, और इसे देखते हुए, और मैं वहां खड़ा हुआ था ठीक वैसे ही जैसे—जैसे मैं अब यहां खड़ा हूं। और मैं स्वयं को वहां पलंग पर पड़ा हुआ देख रहा था, अपनी पत्नी को देख रहा था, और फिर भी यहां खड़े होकर अपने आप को देख रहा था। और यहाँ चारों ओर वे लोग इस प्रकार से खड़े हुए थे, जब मैंने कहा, "क्या पौलुस का भी जो उसने प्रचार किया न्याय होगा? "

14 कहा, "हां।"

15 मैंने कहा, "तो मैंने हर एक वचन को ठीक उसी तरह से प्रचार किया है जैसे उसने किया था।"

16 और लाखों लोग चिल्ला उठे, "हम उसी पर विश्राम कर रहे हैं!"

17 जब मैं पार करूं तो मैं इसी तरह से होना चाहता हूं, देखा। मैं चाहता हूं कि यह इसी तरह से हो, ठीक इसी तरह से, ठीक जो पौलुस ने कहा। इसमें एक भी चीज नहीं मिलाना चाहता हूं, ना ही एक भी चीज इसमें से निकालना चाहता हूं। ठीक वही जो बाईबल ने कहा, ठीक उसी रीति से मैं इसे जारी रखना चाहता हूं, देखा आपने। और निसन्देह, आप इसे जारी रखते हैं, चारो ओर से संप्रदाय इसके विरोध में एक बाधा खड़ी करेंगे।

18 और तब, बहुत सी बार, भाई लोग सोचते हैं कि मैं मेरे भाइयों के विरोध में हूं। तो अन्तर क्या है परमेश्वर जानता है, जब तक वह जानता है कि सत्य क्या है। समझे? यह भाइयों के विरोध में नहीं, यह तो वो व्यवस्था है जो हमें भाई बनने नही देती। यह परमेश्वर का वचन नही है जो हमें भाई बनने से अलग रोकता है, यह तो वह व्यवस्था है जिसके हम सदस्य बनते हैं वह हमें भाई होने से रोकती है। यह सही बात है। इसलिए, हमें कहाँ खड़ा होना चाहिए? वचन पर खड़े हो जाओ, और परमेश्वर सब लोगो को इसके पास खींचेगा (यह सही है) इसी पर—पर। इसे कभी भी संगठित ना करें, इसे ना ही सांप्रदायिक करे, बस इसे परमेश्वर में बनाए रखे, और बस आगे बढ़ते रहे; बस अंत को देखते रहे, कस कर पकड़े रहे, बाकी का परमेश्वर इसे ले आएगा।

19 बहुत सी चीजें जो आपने मेरे लिए की हैं, और मैं इसकी सराहना करता हूं। अब यदि मैं आपकी सहायता कर सकूं, प्रार्थना के कपड़े या कुछ और देने के द्वारा। अब, मुझसे शिक्षा को ना पूछे, क्योंकि मैं—मैं ऐसा करने की इच्छा नहीं रखता। बहुत से लोग मुझे विवाह और तलाक और इत्यादि के विषय में प्रश्नो को लिखते हैं, जो कि कलीसिया में एक उलझन है। मैं हमेशा उनका उल्लेख करता हूं, और कहता हूं, "अपने पास्टर से पूछो।"

20 लोगों ने यहां मुझे चिट्ठी लिखी और कहते है, "*इस* विषय में क्या है? और *उस* विषय में क्या है?" मैं वापस पत्र का उल्लेख करता हूं, आप समझ जायेंगे। इन छोटी–छोटी बातों के लिए अपने पास्टर से मिले, जो कुछ भी है, वह आपका चरवाहा है। देखिए वह—वह वही वह—वह एक है जिसे परमेश्वर ने आपकी देख–रेख के लिए भेजा है। और हम इस पर असहमत हो सकते हैं, और फिर इससे आपकी कलीसिया में गड़बड़ी का कारण हो सकता है। हम यह नहीं चाहते। नहीं! नहीं! हम बस यह चाहते हैं कि आप पाप से भरी बातें छोड़ दे, वह बातें जो बाईबल से बाहर की हैं, और केवल परमेश्वर की ओर बढ़ते जाए। समझे? और यदि कोई छोटे–छोटे मतभेद का कारण हो, और इस प्रकार की बातें, जिससे कलीसिया में परेशानी उत्पन्न होती है। इसलिए, मैं बल्की चाहूंगा कि आपका पास्टर आपको विवाह और तलाक के विषय में बताये, और *यह* बातें और *वो* बातें, इसे उसे ही करने दे। वह भी परमेश्वर का दास है, और यदि वह इसे करने में सक्षम है।

21 क्या याद है अच्छा सामरी जिसे वह घायल मनुष्य मिला? वह उसे सराय में लेकर आया (यह कलीसिया है) और वहां उस मनुष्य को दो दिनार दिए, और उसे बताया यदि उसे और भी आवश्यकता हो तो जब वह आएगा तो भुगतान करेगा। सो, उसे दो दिनार मिले, यदि वह परमेश्वर का जन है, तो वह आपका इलाज कर सकता है। यदि वह परमेश्वर का जन है जो परमेश्वर के वचन पर स्थिर है, उसके पास वही है जो परमेश्वर ने उसे दिया है: आत्मा और वचन। क्या यह सही है? हमें आराधना कैसी करनी चाहिए? आत्मा में *और* सच्चाई में। और वचन ही सच्चाई है। क्या यह सही बात है?

22 अब, फिर से, बहुत ही सहजता से आपका धन्यवाद। और अब, मैं बहुत ही थका हुआ हूं, और इस दोपहर बहुत ही थक गया हूं, जब तक मैं रहता हूं, मैं किसी और होटल में नहीं रुकूंगा। बड़ी शराब की पार्टी, और सारी रात भर, दरवाजे को पीटते और चिल्लाते, और स्त्रियां... ओह! मैं बस सारी रात बैठा रहा। ऐसा ही था। और सो मेरा—मेरा कभी भी दूसरे होटल जाने का इरादा नही है। मैं एक मोटल में जाऊंगा। मैं एक ट्रक ले लूंगा ताकि मैं उसमें सो सकूं, कहीं तो बाहर मैदान में। मैं इस ले लूंगा, मेरे लिए एक तंबू और सोने के बैग को, या कोई ऐसी जगह जहाँ मैं अपने आप में रह सकूँ। यह सही है।

23 कोई आश्चर्य नही यह राष्ट्र इतना पाप से भरा है! यह खोखला, और अंदर तक सड़ गया है। ठीक यहाँ दूसरे स्थान में, आपके राज्य में... ना ही केवल यही राज्य, हर जगह। ठीक यहाँ, कुछ वर्षों पहले, मैं यहां इस राज्य के बड़े शहर में, यहाँ एक—एक धार्मिक सभा में था। और उस रात एक धार्मिक झुण्ड, एक रुढ़िवादी कलीसिया के, उनके नवयुवको के साथ एक कन्वेंशन था। मैं—मैं कभी नहीं... मैं वूडू और इत्यादि जाति के साथ अफ्रीका में था, मैंने इस प्रकार कभी नहीं सुना। और अगली सुबह, (मैं आपको ठीक–ठीक नहीं बता सकता, हम मिले–जुले श्रोतागण हैं)... फर्श पर पड़े हुए थे, अनैतिक चीजें जो की गई थी, हर कहीं शराब की बोतलें थी। और वे नवयुवक बच्चे, लड़के और लड़कियां सारी रात एक ही कमरे में, एक साथ थे। और अगली सुबह, उनका "पवित्र पिता" वहां बैठा हुआ था, और वे आकर और उसके सामने *इस* प्रकार से झुके। यीशु मसीह के नाम के नीचे!

24 क्या मैं पागल हो गया हूं? मेरे साथ क्या—क्या बात है? मैं इन चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकता! यह... कुछ तो ऐसा चीज है जो मुझे हिला कर टुकड़े–टुकड़े कर देती है जब मैं यह देखता हूं। क्या यही मेरे प्रभु यीशु का प्रतिनिधित्व करने के लिए है? एक शराबी, उन अनैतिक पार्टी उन चीजों के साथ... उन नवयुवक पुरुषों और स्त्रियों पर प्रयोग किया जाता है, फर्श पर पड़े हुए है और उस कूड़ेदान में, और बोतलें और... ओह, मेरे प्रभु! क्या आप इसे मसीहत कह सकते हैं? कोई आश्चर्य नहीं संसार एक पाप से भरी अवस्था में है। अच्छा, वह पापी क्या कहता है, जब वह इसकी ओर देखता है? उनमें से हजारों।

25 उन युवा लड़कियों ने इतनी पी रखी थी कि बड़ी कठिनाई से खड़ी भी नहीं हो पा रही थी, और सारी रात उन लड़कों के साथ कमरे में थी, और इतनी भद्दी गंदी बातें जो आपने अपने जीवन में कभी नही सुनी होगी। मैंने तकिये को अपने सिर पर *इस* प्रकार से रख लिया, सोने की कोशिश कर रहा था। वहां उन होटल की मजिलों पर, पीये हुए, और इस प्रकार से ऊपर और नीचे मंजिल पर भागते फिर रहे थे, वे धर्मी!

26 अब, मैं इस प्रकार के पापी लोगों से आशा करता हूं, अब, जो स्वयं को खिलाड़ी कहते हैं, और यहाँ लोहे के बड़े बॉल को फेंकने के खेल में लगे हुए हैं। मेरे बच्चों में से एक लोहे के बड़े बॉल के खेल को खेलना आरंभ करेगा, मैं उसे देश से बाहर कर दूंगा। उह–हुंह। इसे खेल कहते है, यह खेल नहीं है। यह क्या है... यदि आप सही होना चाहते हैं, तो परमेश्वर के साथ सही करे। सच है।

27 मैं बाईबल में से आपके लिए कुछ वचनों को पढ़ना चाहता हूं। आप इन कुछ शब्दों को देखते हैं जो मैं यहां विषय के लिए पढ़ना चाहता हूं, जो कि पहले राजा के 17वें अध्याय के 1ले पद में मिलता है।

> *... इस्राएल का परमेश्वर* ***यहोवा*** *जिसके सम्मुख मैं उपस्थित रहता हूं, उसके जीवन की शपथ* इन *वर्षों में,... मेरे बिना कहे, ना तो बारिश बरसेगी, और न ओस पड़ेगी।*

पहला राजा, 1ला अध्या–... 17वां अध्याय, 1ला पद।

28 किसी भी समय मैं आपको प्रार्थना का कपड़ा भेज सकता हूं, तो बस मुझे लिखकर भेजे; यहाँ मेरा सचिव, जो यहां पर उपस्थित है, भाई मगुइरे। हमसे कितने लोगों ने प्रार्थना के कपड़े प्राप्त किए है? आइए हम आपके

हाथ देखें। भाई जिम खड़े हो जाये। मैं उन्हें देखना चाहता हूं... आपको, और आपकी पत्नी को भी। यहां मेरा सचिव और उसकी पत्नी है, वे ही है जो इस काम को करते हैं, जिसने भेजा... यही वह लड़का और लड़की है जो सभा से आपको आपका प्रार्थना का कपड़ा भेजते है, दोनों समर्पित मसीही है। और वह आवाज, वह मीठी प्यारी सी आवाज जिसे आप सुनते है जब आप मुझे फोन करते हैं, वह वहां छोटी सी महिला बैठी हुई है, उसकी पत्नी। उसका पिता और माता, और वे, आज यहां हमारे साथ हैं; और—और प्रिय जन, सारे आस पास ही है। इसलिए... और फिर आप मेरे प्रचार के कार्य क्षेत्र के सचिव को जानते हैं, श्रीमान मर्सिएर, भाई लियो मर्सिएर, वह यही कहीं पर है, और भाई जीन गोआड। और इसलिए हम आपको प्रार्थना का कपड़ा भेज सकते हैं, किसी भी समय, जो कुछ भी हम कर सकते हैं, फोन पर आपके लिए प्रार्थना कर सकते है; जो कुछ भी हम कर सकते हैं, हम इसे करेंगे।

29 यह अजीब सा दिखने वाला व्यक्ति जो हाथ में छड़ी लिए हुए है, उसके कदम स्थिर थे, उसकी आंखें परमेश्वर की महिमा से चमकती हुई, उसकी दाढ़ी उसके एक ओर उड़ रही है, एक पुरानी बालों वाली भेड़ की खाल अपने चारो ओर लपेटे हुए, वह अपने कदमों को उतना ही स्थिर बना रहा था, जितना वह सामरिया के रास्ते पर चलकर जा रहा था। उसमें ऐसा कुछ नही था कि उसकी ओर देखते, लेकिन उसके पास इस्राएल के महान राष्ट्र के लिए **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था। हां, एलिय्याह वो तिशबी, प्रभु का एक भविष्यव्यक्ता। उसमें ऐसा कुछ नही था कि उसकी ओर देखते, लेकिन उसके पास प्रभु का वचन था।

30 वह राजा की उपस्थिति में खड़ा होने से नहीं डरता था, क्योंकि वह उस राजा से भी महान की उपस्थिति में था, वह यहोवा की उपस्थिति में था। इसलिए, वह जानता था कि वह कहां पर खड़ा था। और जब वह राजा के सामने चलकर आया वह ना तो तुतलाया और ना हकलाया, वह जानता था कि वह किस विषय में बात कर रहा था। वह राजा से कह सकता था, **"इस्राएल का परमेश्वर यहोवा यों कहता है,** 'जब तक मैं नहीं कहूंगा, तब तक ना तो वर्षा होगी और ना ओस पड़ेगी।'" उसने यह क्यों कहा, "जब तक मैं ना कहूं। *मेरे* वचन के अनुसार"? क्योंकि उसके पास प्रभु का वचन था, वह एक भविष्यव्यक्ता था, और भविष्यव्यक्ता के पास प्रभु का वचन होता है।

31 देखने में यह एक चौंकाने वाली बात है पुराने नियम के इस्राएल और अभी के अमेरिका में समानता को देखना। वे दोनों ही बड़े राष्ट्र थे। वे दोनों ही स्थापित किये गये थे, और उनके लोग वहां पर धार्मिक सतावट के कारण आए।

32 इस्राएल फिरौन के द्वारा सताया गया था और सैकड़ों वर्षों तक बधुवाई में रहा, और उन्हें सच्चे और जीवित परमेश्वर की आराधना से वंचित रखा गया था, और उस विशेषाधिकार से वंचित रखा गया था; और वे गुलाम बन गए थे। लेकिन परमेश्वर ने अपनी बाईबल में उन से प्रतिज्ञा की थी, या अपने वचन में, और अपने भविष्यव्यक्ताओं के द्वारा, कि वह उन्हें एक देश देगा। और वे इस देश में आयेंगे और उस देश के कब्ज़ा करने वालों को बाहर निकाल देंगे, और उनके उतराधिकार पर अधिकार किया, क्योंकि ऐसा करने के लिए परमेश्वर का एक उद्देश्य था।

33 और ऐसे ही हमारा यह महान राष्ट्र है। हम यहां पर आए हैं, और प्लायमाउथ रॉक पर इस राष्ट्र की स्थापना हुई थी धर्म की स्वतंत्रता पर क्योंकि हमारे पूर्वज रोम से आधुनिक ईजेबेल के तंत्र के सतावट के कारण भागे थे, और यहां पर आ गए और बहुत सी बड़ी–बड़ी सतावटो और बलिदान जो कि ईजेबेल के झूठे तंत्र में खड़े रहे। और बाईबल के अनुसार, प्रकाशितवाक्य का, 13वां अध्याय, परमेश्वर ने उनके लिए एक सुखद स्थान की प्रतिज्ञा की थी, और एक स्थान, उस स्त्री के लिए जिसे जंगल में ले जाया गया, जहां एक समय तक खिलाया गया था, समय और समय के विभाजन के लिए। परमेश्वर ने अमेरिका से प्रतिज्ञा की थी, या कलीसिया से (स्त्री से), कि इस देश में आए।

34 क्या आपने प्रकाशितवाक्य 13 पर ध्यान दिया? दूसरे सारे पशु समुद्र के जल में से ऊपर आये; प्रकाशितवाक्य 17:17 ने कहा, “जो पानी तू ने देखे वह भीड़ और बहुत से लोग है।” दूसरे सारे पशु, वे पानी में से ऊपर आये, भीड़ और बहुत से लोग है। लेकिन जब संयुक्त राज्य ऊपर आता है, “यह पृथ्वी पर से आता है जहां कोई लोग नहीं थे।” और याद रखें, जब यह ऊपर आता है, तो यह एक छोटे मेमने के समान दिखाई पड़ता है।

35 अब, इस मेमने के दो सींग हैं, और यही नागरिक और कलीसिया संबंधी शक्ति है। लेकिन जब वे एक हो गए है, याद रखें, तब वह मेमना बोला जैसे अजगर उसके सामने बोला था; और वह अजगर रोम था।

36 जब वह अजगर स्त्री के सामने खड़ा हुआ कि जैसे ही वह बालक को जन्मे उसे निगल जाए, लाल अजगर... इस्राएल स्त्री के सामने कौन खड़ा हुआ, कि उस बालक को निगल जाए जैसे ही वह उसे जन्म दे, और एक सतावट को भेजा और दो वर्ष से कम आयू के बच्चो को मार डाला? "रोम, वह अजगर, स्त्री के पास खड़ा हुआ कि जैसे ही वह बालक को जन्म दे उसे निगल जाए।"

37 और तब, हम पाते हैं, कि यह राष्ट्र एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उभरा, और... एक मेमना था, जिसका अर्थ है परमेश्वर का मेमना। लेकिन, कुछ समय के बाद, यह वैसा ही तंत्र जो हमारे पास है, अजगर की समान बोला और उस सारी शक्ति को उपयोग में लाया जो उसके पहले अजगर के पास थी।

38 वे ठीक एक दूसरे के समानांतर है, सिद्ध रूप से। और याद रखें जब ये... इस्राएल ऊपर आया और उसके राष्ट्र को ले लिया और फिलिस्तीन, देश पर कब्ज़ा वालो को निकाल दिया और देश का अधिकारी हो गया। हमने अंदर आकर और इसे इन्डियन लोगों से ले लिया, उन्हें बाहर खदेड़ दिया और देश पर अधिकार कर लिया। इसके लिए परमेश्वर का एक उद्देश्य था। परमेश्वर संसार को दिखाने जा रहा था कि वह कुछ—कुछ थोड़े से लोगों के लिए क्या कर सकता था जो स्वतंत्रता को चाहते थे, और धर्म की स्वतंत्रता, ताकि परमेश्वर की सेवा करे।

39 उन्होंने इस्राएल के लिए क्या किया? उसने इस्राएल को संसार का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बना दिया, और वह उसी स्थिति में बना रहेगा जब तक कि परमेश्वर की इच्छा से बाहर नही होता है। उसने अमेरिका के साथ क्या किया? उसने इसे संसार का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बना दिया जब तक कि वह परमेश्वर की इच्छा से बाहर ना हो जाए। समानांतर, एक से दूसरे में, बिल्कुल ठीक।

40 जब इस्राएल देश में आया, वे एक—एक महान लोग थे क्योंकि उनके पास एक महान नेतृत्व था। वहां उनमें परमेश्वर का भय मानने वाले लोग थे, जैसे कि दाऊद, सुलेमान राजा। सारा संसार उनसे डरा, और उन्होंने बिना युद्ध, बिना संकट के उस सौभाग्य का आनंद लिया, और परमेश्वर की सामर्थ के नीचे रहे, इतना तक कि सारे ज्ञात संसार के लोग उन्हें देखने के लिए आ गये। परमेश्वर ने उन्हें विचारो के परखने का दान दिया, यह दान

सुलेमान पर था। और दक्षिण की रानी वहां से... शीबा की रानी बहुत दूर सहारा के रेगिस्तान को पार कर के आयी (उसे आने के लिए तीन महीने लगे) केवल सुलेमान की बुद्धि की बातें सुनने के लिए। और जब उसने देखा कि सुलेमान आत्माओं को परख सकता है, और उसके हृदय के भेदो भी जान सकता है, उसने कहा, "मैंने जितना तेरे विषय में सुना था वो सही था, और उससे भी अधिक है।" उसने स्वीकार कर लिया था कि वह सब परमेश्वर था।

41 और अमेरिका, हमारे पूर्वजों के आधार पर जो यहां धार्मिक स्वतंत्रता के लिए आए... उन दिनों में हमारे यहां धर्मी पुरुष, एक मार्ग दर्शक के रूप में थे: जॉर्ज वाशिंगटन, अब्राहम लिंकन, जाने माने चरित्र का व्यक्ति, परमेश्वर के लोग। उन दिनों में, अमेरिका, अमेरिका था।

42 जॉर्ज वाशिंगटन, यहां घाटी फोर्ज में, इससे पहले कि वह डेलावेयर को पार करता, सारी रात प्रार्थना करता रहा, इतना तक कि वह अपनी कमर तक भीग गया था, बर्फ में घुटने टेके हुए था। और अगली सुबह जब अमेरीका के लोगों ने पार करना आरंभ किया, उनमें से केवल बीस प्रतिशत लोगों के पास पहनने के लिए जूते थे, अमेरीकन सेना। लेकिन उनका एक सिद्धांत था, उनके पास कुछ तो था जिसके लिए उन्हें लड़ना था। उन्होंने चिन्ता नहीं की कि क्या होता है। किसानों ने आकर, उसने अपना हल रोक दिया और अपने बैल को अलग किए, और अपनी बंदूक को लिया और जो भी स्वतंत्रता के लिए जानता था लड़ने के लिए निकल पड़ा। और अगले दिन, मैं विश्वास करता हूं ऐसा था चार या पांच गोलियों के छेद, बंदूक की गोलियां, उसके कोट और टोपी में लगी और उसे बिलकुल भी नहीं छु पायी।

43 परमेश्वर के लोग, जिन्होंने इस राष्ट्र की नींव रखी, महान लोग! कोई आश्चर्य नहीं उन्होंने लिखा:

लंबे समय तक हमारा देश चमकता रहे
स्वतंत्रता के पवित्र प्रकाश के साथ,
हमे अपनी सामर्थ के द्वारा सुरक्षित रख,
महान परमेश्वर, हमारे राजा!

44 कुछ समय पहले, मैं एक बूढ़े व्यक्ति से कोरीडॉन, इंडीयाना में बातें कर रहा था। उसने मुझे इस विषय में बताया जब राजधानी कोरीडॉन में थी,

और कैसे वह... बताया कि कैसे वो एक बैलगाड़ी में उस—उस गवर्नर का भाषण सुनने गया था। और वो और गवर्नर केवल दो ही ऐसे लोग थे जिनके पास दो भाग वाला सूट था। बताया वह भेड़ो को पाला करता था और उनका ऊन निकाला, और उनके ऊन को धोया, उसकी बहन इसे बुनकर और उसके लिए एक कोट बनाया कि उसकी पेंटो के साथ मेल खाए। और वह बूढ़ा व्यक्ति वहां पर बैठा हुआ था, लगभग पच्चासी या नब्बे वर्ष की आयु का था, अपनी दाढ़ी *इस* प्रकार खींची, और उसने कहा, "बिली, यह तब की बात है जब *अमरीकी, अमरीकी* थे।"

45 मैंने बूढ़े व्यक्ति की ओर देखा, और मैंने सोचा, "लड़के, तुम, यहां बहुत से युवा लोग विश्वास नहीं करेंगे, लेकिन आप सत्य बता रहे है।"

46 इस्राएल को इस धार्मिक पृष्ठभूमिका के बाद क्या हो गया? वे लापरवाह होने लगते है। वे उस स्थान पर आने लगे जहां पर उन्होंने, तो, उन्होंने परवाह नहीं की, कि क्या हुआ था। वे परमेश्वर की उनकी आराधना में ढीले पड़ने लगे, यद्यपि उन्होंने धर्म का एक रूप धारण किया था जैसे हमारे पास है। उन्होंने एक भक्ति की रूप धरा था। लेकिन वे उनके लोगों के संग स्वतंत्र होने लगे, और—और वे उनकी कलीसिया में विभिन्न विधर्मियों को लाने लगे। बालाम की आराधना भी धीरे-धीरे अन्दर आने लगी, और इस्राएल सुख विलास के लिए पागल हो गया, शराब पीना, और इस प्रकार की बातें, करना और अंत में एक ऐसे अगुवे को वहां ले आए जो परमेश्वर को नहीं जानता था; आहाब, जो अपने पिता के स्थान पर आया। और उसका पिता एक अधर्मी मनुष्य था, धनी मनुष्य, लेकिन एक अधर्मी मनुष्य। और उसने जितने पाप किए, उतने उससे पहले किसी ने भी नहीं किए थे। लेकिन इस्राएल, उनके नशे में धुत होकर, उन्होंने एक ऐसा मनुष्य रखा, और उसे सिंहासन पर बैठाया कि उनके ऊपर राज्य कर सके। उन्होंने सोचा कि यह पूरी तरह सही है, ठीक जैसे कि आज बहुत से अमरीकन लोग करते हैं, "वह एक अच्छा राजनीतिज्ञ है, तो इससे क्या फर्क पड़ता है? इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह एक अच्छा राजनितिज्ञ है।"

47 बहुत से अमरीकी लोगों ने, उनमें से बहुतो ने, एक अमरीकन के रूप में, अपना जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया, और कहते है, "इससे क्या फर्क पड़ता है, जब तक तुम्हें सरकार से कुछ अतिरिक्त डॉलर मिलता है और जीते हो? " वे पेट के लिए बिक गए, और अभिलाषाओं के लिए और पाप से

भरे संसार की लालसाओं में, और उस बात को भूल गए कि हम किसलिए प्लायमाउथ रॉक पर आए थे। वे हमारे वारिसाना हक को भूल गए, और जाकर और सुख विलास के लिए पागलों की भीड़ में स्वयं को बेच दिया। जैसा ये इस्राएल के दिनों में था, वैसा ही होता आया है, इसलिए अमेरिका ने भी उसी मार्ग को लिया, ठीक उसी सुखविलास के मार्ग को!

48 कुछ समय के बाद, सरकार ने पाप का समर्थन किया: "बस जब तक आपके पास आराधनालय है, तो इससे क्या फर्क पड़ता है?" बिल्कुल ठीक यही है जो अमेरिका ने किया। और हमने स्वयं को आपस में संगठित करना आरंभ कर दिया और छोटे–छोटे झुंड बना लिए, और अधिक पापी, और अधिक पापी, और अधिक पापी होते गये। हम अपने मूल सिद्धान्त पर बने रहना था, जिसके लिए हम यहाँ पर आए थे! पाप कलीसियाओ में प्रवेश करने लगा, जैसा कि यह तब हुआ था। महिलाए अपने बाल कटवाने लगी, असभ्य कपड़े पहनने लगी, उन्हें हर वर्ष काटकर छोटा कर रही है और... और पुरुष *ऐसा, वैसा*, और *इत्यादि करने लगे*, और ताश खेल रहे थे आराधनालय में और बंको खेल करने लगे, और ठीक वैसे ही सांसारिक जैसे वे थे, सुखविलास के लिए पागल, शराब के नशे में धुत।

49 धर्म विद्यालय से सेवक डिग्री को ले रहे हैं, और बिशप कह रहे हैं, "लड़कों, जो भी तुम चाहो प्रचार करो। जहां तक मेरा प्रश्न है, यीशु मसीह का लहू उन्नीस सौ वर्ष पहले सूख गया था।" यहाँ तक कि कलीसिया के पास सिवाए संस्थागत होने को छोड़ और कुछ भी नहीं, एक लॉज के जैसे। होने पाए आप इस दोपहर को कभी ना भूले! एक लॉज के समान बन गये है, संसार ने इसके अंदर धीरे से आना आरम्भ कर दिया है, सेवक लोग समझौता करने लगे है जैसे कि आहाब के दिनों में किया। पाप से भरे हुए, अंदर तक सड़े हुए, और, और यह उतना ही आगे बढ़ता गया जितना जा सकता है।

50 यद्यपि परमेश्वर उनके पास एक के बाद दूसरा भविष्यव्यक्ता भेजता रहा, और कोमल दया के साथ उसने लोगों से आग्रह किया, और इस पर उन्होंने अपनी पीठ फेर ली। वे अपने मार्ग को चाहते थे, वे इस्राएली थे, वे स्वतंत्र थे, वे एक महान राष्ट्र थे, उनके पूर्वजों ने *ऐसा–और–ऐसा* किया (दाऊद और सुलेमान), वे जो चाहते थे कर सकते थे। ठीक वही चीज जिस के ऊपर हम आधारित है, बिल्कुल वैसे ही; हमारे पूर्वज वाशिंगटन,

और जिसके लिए वे खड़े हुए। लेकिन, भाई, हम उन बातों से लाखों मील दूर हैं; हमारी कलीसियाये लाखों मील दूर है।

51 वे पुराने... आज वो मैथोडिस्ट कलीसिया, जिसके लिए मेथोडिस्ट कलीसिया हुआ करती थी! आज पेंटीकोस्ट क्या है, और यह क्या हुआ करते थे! आज बैपटिस्ट क्या है, यह क्या हुआ करते थे! हमारे पास पीछे जाकर और जॉन स्मिथ के विषय में बातें करने को समय था और बहुत से जो आरम्भ के सुधारक थे। जॉन स्मिथ ने कहा, उसके मरने से पहले, उसने कहा, "भयानक बात यह है कि मेथोडिस्ट महिलाओं ने उनकी उंगलियों पर सोने की अंगूठी पहनना आरंभ कर दिया है।" मेथोडिस्ट! आज वो उन्हें कटे हुए बालो के साथ देख कर क्या कहेगा, और उनका सारा मुंह रंगा हुआ, छोटे–छोटे कपड़े पहन रहे है? यह पाप के कारण है!

52 परमेश्वर ने अमेरिका में क्या किया है? बेदारी के बाद बेदारी को भेजा, बेदारी के बाद बेदारी। सेवकों ने वचन का प्रचार किया है, लोगों को वापस परमेश्वर के पास लाने का प्रयास किया। और उन्होंने क्या किया? वही चीज इस्राएल ने किया था, इसे तिरस्कार किया! उनका मजाक उड़ाया! उन्हें "पवित्र शोर मचाने वाले" कहा! उन्हें जेल में डाल दिया!

53 यदि आज इस कलीसिया में से, मेरी एक बहन और मेरे भाईयो मे से कोई एक, एक पिछली रात उस होटल में खड़ा होता और अपने हाथों को उठाकर और परमेश्वर की स्तुति करता और उस कमरे में चिल्लाता, इस बात पर वे आज जेल में होते। लेकिन एक शराबी, मदहोश मोटी बुद्धी के लोगो का झुण्ड "अपवित्र शोर करने वाले" वहां खड़ा होकर सारी रात चिल्ला सकते है; और शराब पीकर, और गाली देते है और उन स्त्रियों के कपड़े उतारते और ऐसे ही करना जारी रखते है, और फर्श पर पड़े रहकर और सारी रात चिल्लाते है, और वे यहाँ तक इसके लिए एक शब्द भी नहीं बोल सकते है। कोई आश्चर्य नहीं हम परमेश्वर के हाथ के नीचे अपराधी ठहरे है!

54 ध्यान दे, बार–बार, परमेश्वर ने सेवक भेजे, उसके वचन को प्रमाणित करने के लिए चिन्ह और अद्भुत कार्य किये। और अधिकांश बातें, बहुत से आधुनिक कलीसिया के याजक पद प्राप्त व्यक्ति ने इसे ठुकरा दिया और हर एक बेदारी का मजाक उड़ाया। जो कि नाम की कहलाने वाले मसीह की कलीसिया और वे लोग कहते है, "आश्चर्यकर्मों के दिन बीत गए।" इसे

परमेश्वर के उस छोटे से बचे हुओ से दूर रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। जैसा इस्राएल में था, वैसा ही आज भी है. बहुत सी बार, परमेश्वर को अपने लोगों को उन संगठनों और संप्रदायों में से बाहर निकालना पड़ता है, उन्हें अकेला जंगल में ले जाकर, उनसे बात करता है। और वह बचे हुओं को लेने जा रहे हैं, आप इसके लिए चिंता ना करें। उसने ऐसा तब किया, वो अब करेगा। और इसी प्रकार वे पाप में आगे और आगे बढ़ते रहे, इन चीजों से भरते रहे। *क्यों?* उनका नेतृत्व, इसे रोकने के लिए कुछ भी नहीं है।

55 अच्छा, ईमानदारी से, मैं बहुत से राष्ट्रों को जानता हूं कि यदि वे ऐसे लोगों को इस प्रकार के वस्त्र को रास्ते पर पहने हुए पकड़ ले जैसे हम यहां अमेरिका में पहनते हैं, तो उन्हें जेल में डाल देंगे। जब मैं रोम में संत एंजेलो गया (अब, इस पर सोचें, कितनी यह गिरी हुई बात है।), वहां उन्होंने एक बोर्ड लगाया था, उस संत एंजेलो भूमार्ग कब्रिस्तान के द्वारा, "अमरीकन स्त्रियों के लिए: कृपया कपड़े पहने और मरे हुओ का सम्मान करे।"

56 यदि कोई चीज जो आपको निराश करती है, ये उन नाम के कहलाने वाले अमेरिकी लोगों को भीतर आते हुए देखना है। मैं वहां लासाने में बैठा हुआ था, एक दिन, मैं और भाई आर्गनब्राइट, हम कुछ मांस के टुकड़े का आनंद ले रहे थे। अगले दिन, हम फिर वहां गए क्योंकि ये अच्छा खाना था। मैं वहां थोड़ा पानी ले जा सका, वे शराब को छोड़ और कुछ नहीं परोसते है। और मुझे पानी चाहिए, तो मुझे अपनी बगल में एक जग पानी सारे समय रखना पड़ता था, क्योंकि वे आपको टेबल पर पानी नहीं परोसते है। तब मैं वहां गया, और सब कुछ तब तक ठीक था जब तक "मिस अमेरिका" वहां नही आ गयी, जो उस छोटे से, गंदे, घिनौने, घुंघराले बाल वाले कुत्ते के साथ आयी थी; *इस* तरह से सस्ते दुकान के जेवरो को पहने हुए, और सिगरेट को दूर *इस* तरह से पकड़े हुए वो वहाँ बैठ गई, कुछ ऐसा दिखावा करते हुए जो वह वास्तव में नहीं थी; और घुंघराले बाल वाले कुत्ते को टेबल पर बैठा लिया, गंदी, भद्दी सी चीज।

57 यह... एक कुत्ता सबसे बुरी चीज है जिसके विषय में परमेश्वर ने कहा। यहां तक कि उनका दशमांश भी परमेश्वर के भवन में नहीं दिया जा सकता। "यह वैश्या के समान है, वैश्या का दशमांश," यह बाईबल ने कहा। और, फिर भी, आप वहां पर है। वे बच्चो के जन्म को रोकने के लिए उपाय करते

है और लगभग हजारो डॉलर देते है, उस छोटे से कुत्ते के लिए; और अपने आस–पास रखते और उसे बालक का सा प्रेम देते है, ताकि वह सारी रात बाहर रह सके, और बच्चों के जन्म को रोकने का उपाय करती है।

58 आगे क्या बात रुकी हुई है सिवाय अन्धव्यवस्था के! हो सकता है आप मेरी आवाज को फिर कभी नही सुनेंगे, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप इस बात को याद रखें: हम अंत में हैं!

59 वहां, हम पाते हैं कि क्या घटित हुआ, क्या हुआ। अंत में, वो *बड़ी* घडी आ गयी: आहाब को चुना गया था, और जब वह चुना गया, उसने ईजेबेल से विवाह किया; वह पुरानी सड़ी स्त्री जिसने मूर्तिपूजा के लिए समस्त इस्राएल की अगुवाई की। और जैसा इस्राएल ने तब ऐसा किया, यह, क्यों... वे अवश्य ही पिछड़ने वाली स्थिति में रहे होंगे, कि इस प्रकार की एक चीज को उन्होंने अपने देश में होने दिया। कानून लोगों के द्वारा लोगों के लिए बनाए गए, और हमने भी वही काम को किया है!

60 एक ऐसा समय था कि जब अमेरीकी लोग नही करते... वे इसे भली प्रकार जानते थे कि एक पुरानी वैश्या, पुरानी व्यभिचारी जिसने शहीदों का लहू पीया, उन्हें मार डाला, और इसी कारण से वे यहां स्वतंत्रता के लिए भाग कर आये, वे किसी भी इस प्रकार की कोई भी चीज को नहीं सहेंगे। ये यह दर्शाता है कि हम पिछड़ी हुई दशा में हैं, समस्त राष्ट्र, इस प्रकार का चुनाव करके। ओह, निश्चय ही, अब आप... आप में से कुछ अच्छे पुराने ख्यालों वाले डेमोक्रेट इसे सोचेंगे, कि “ओह, अच्छा, वह——वह एक अच्छा राजनीतिक प्रधान बनेगा।” तर्क के लिए यह सही लग सकता है, शारीरिक मन को। लेकिन परमेश्वर के वचन और आत्मिक मन वालों के लिए, इसका कोई मायने नहीं रखता है। निश्चित ही नहीं रखता है, थोड़े से अतिरिक्त डॉलर कम कर देते है और कुछ टैक्स या ऐसा ही कुछ तो काट देते है।

61 और हमारे पास कठिन समय है, हमारे मिशनरी आज कार्य क्षेत्र में है, क्योंकि अब हमें एक कैथोलिक राष्ट्र समझा जाता हैं। क्यों, निश्चय ही, रूस को साम्यवादी समझा जाता है क्योंकि उनके पास एक साम्यवादी नेता है। लाल चीन को साम्यवादी समझा जाता है क्योंकि उसके पास एक साम्यवादी नेता है। हमें कैथोलिक समझा जाता है क्योंकि हमारे पास एक कैथोलिक नेता है।

62 ओह, जब आहाब सिंहासन पर था... आप कहते हैं, "*वो* सिंहासन पर था।" यह सही है, लेकिन उस सिहांसन के पीछे ईजेबेल प्रमुख थी। वही वो एक थी जिसने उस अगुवाई के काम को किया। देखिए कैसे उसने उस देश के उसी कानून को लिया और उन्हें घुमा दिया, और अपने लाभ के लिए और लालच के लिए, और इसे आहाब से करने को लगाया क्योंकि उसने उससे विवाह किया था। और आज इसी तरह से हमारे नेताओं के साथ है। मैं यह नहीं कहता कि वह एक अच्छा व्यक्ति नहीं है, लेकिन देखो उसके पीछे कौन है: वो वैश्या, उसी चीज को जिसे हम यहां चला रहे है (अमेरिका होने के लिए); उन्हीं सिद्धांतों पर जिस पर अमेरिका को बनाया गया। हम, अपने ही स्वतंत्र चुनाव के द्वारा, इस प्रकार की चीज को चुना है।

63 अब आप देखिये क्यों मेरी आवाज बहुत ही जल्द बंद कर दी जाएगी। लेकिन कोई तो इसे समझने जा रहा है! हाँ! क्यों? प्रकाशितवाक्य 2:20, वह स्वयं को "भविष्यव्यक्तनी " कहती है। आप बस पाप की लहर पर ध्यान दे जो अब हो रहा है। आप एक सिरे से लेकर दूसरे सिरे तक देखिए। आप आधुनिकतावादी को देखे, अभक्तिपूर्ण चीजों को देखे जो कलीसियाओं में हो रही हैं। "और, अंत में, वहां एक सतावट आएगी," बाईबल ऐसा कहती है, **यहोवा यों कहता** है! निश्चय ही, ऐसा होगा।

64 तब क्या होने जा रहा है? ठीक जैसा ये तब हुआ था, वैसे ही ये अब होगा। वह इसके पीछे की शक्ति थी, वही वो एक थी जिसने इसका नियन्त्रण किया था। पढ़िए... मैं विश्वास करता हूं यह सात–... 17 या 18वां अध्याय है, वहां आप पाएंगे कि ईजेबेल ने क्या किया: कैसे उसने आहाब को लिया, और वह इसके विषय में कुछ नहीं कह सका क्योंकि यह उसकी पत्नी थी। देखिए तब राष्ट्र किस पर बनाया गया था, एक पिछड़ा हुआ इस्राएली मूर्तिपूजक पत्नी के साथ (जो उसके पीछे थी) जो कि बालाम की आराधना करने वाली थी। और उसने क्या किया? उसने अंत में हर चीज को इतना आधुनिक बना दिया, और इतना अच्छा, और लोगों के लिए ये बहुत ही सरल था, इतना तक कि सारी कलीसिया उसी में गिर गयी, प्रचारक और वे सारे। क्या एलिय्याह ने नहीं कहा, "प्रभु, केवल मैं ही एक बचा हूं"? और जैसा यह तब था, आज ये उसी के समानान्तर है।

65 वे सारे के सारे कुछ भी कहने से डरते थे। क्या यह आज बिल्कुल ठीक

वही बात नहीं है? वे कुछ भी कहने से डरते थे। इसलिए हम पाते है, वे बस ढीले–ढाले, लापरवाह, शराबी, मौज–मस्ती में डूबे हुए, सुखविलास के लिए पागल, और बाकी की हर एक चीज, जैसा कि यह आज है। ईजेबेल उन वचनों को घुमा रही है... वह क्या... मेरा मतलब वे कानून, जैसे—जैसे ईजेबेल घुमाएगी। याद रखें, ईजेबेल, वो स्वयं को "भविष्यव्यक्तनी" कहती थी, ताकि लोगों को अपने वश में रखे, और वो यह कहती थी कि "धरती पर केवल वही परमेश्वर की आवाज है।" वह शारीरिक मन से वैसे ही विश्वास करवाने को लगाएगी लेगी जैसे कि संसार निश्चित है।

66 "संयुक्त राज्य में एक महिला की आराधना आएगी, और वह मरियम होगी।" मैंने इसे तीस... 1931 में देखा। सात बातें घटित हुई। मैंने यह बातें यहां मेरे पास कागज पर लिखी हुयी है, इसे 1931 में लिख ली। किस तरह से मैंने कहा, "यह राष्ट्रपति, फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, यही वो सारी दुनिया का कारण होगा, इसे सहायता करने में, दुनिया को युद्ध में डाल देगा।" अभी तक युद्ध में नहीं आया था, तनाव के समय में। मैंने कहा, "दूसरी बात... " और मेरी मां, जो पुराने ख्यालों वाली लोकतंत्रवादी थीं, उसने मुझे उस समय तेज नजर से नही देखा जब मैंने ऐसा कहा। मैंने कहा, "मैं चिन्ता नहीं करता यदि वह एक रिपब्लिकन था या यदि वह एक समाजवादी था या जो भी वो था, यह **यहोवा यों कहता है** वाला वचन है।" और मैंने कहा, "ऐसा करते हुए, वे महिलाओं को वोट का अधिकार दे रहे हैं। और जब वे ऐसा करते हैं, तो उन्होंने अब तक के इस राष्ट्र के किये गये सबसे बड़े अपमानजनक काम को किया है।" और मैंने कहा, "किसी दिन वे इसकी कीमत चुकायेंगे।" और उन्होंने ऐसा पिछले चुनाव में किया। यही है जिस बात ने उसे चुना, वे महिलायें।

67 और आप बहुमूल्य अश्वेत लोगो ने दक्षिण में, आप लोगो ने किस तरह से वोट दिया! आप कहते हैं, "आपका पुलपीट पर से ऐसा कहने का कोई काम नहीं है।" ओह, हाँ, मेरा काम है, यह परमेश्वर का वचन है! और अब्राहम लिंकन के—के दाग, वो एक जिसने आपको स्वतंत्र किया, उस संग्रहालय में एक स्त्री के वेश में रखे हुए है, और आप अपने जन्मसिद्ध अधिकार को बेच देते हैं। आपको शर्म आना चाहिए।

68 और आप लोग, राजनीति के लिए, क्योंकि बस आप बस एक अच्छे डेमोक्रेट है, इस प्रकार की किसी चीज के लिए वोट दिया, और अपने

अमरीकन और मसीहत के जन्मसिद्ध अधिकार को बेच दिया, कि इसे उस वेश्या को दे दे जो हमें इस राष्ट्र में चलाती है, हम क्या हो गए हम क्या थे। देखिए यह किस तरह से धीरे–धीरे अंदर आ रही है? बहुत सी आसानी से, इतना तक वह सिंहासन पर आ गयी है। निश्चय ही! व्हाइट हाउस के सिंहासन पर।

69 ध्यान दे! पहले ही... क्या आपने उस दिन कैथोलिक स्कूलों और प्रोटेस्टेंट स्कूलों के विषय में देखा? कैथोलिक स्कूल का समर्थन करते है लेकिन प्रोटेस्टेंट का नहीं। समझे? ओह, भाई! आप चीजों की लहर के लिए देखे जो अब आगे आ रही है। ध्यान दे, और जैसा उन्होंने इसे किया है, देखो क्या बात ने जगह ली। इस सारे पाप का ढेर लगते जा रहा है। एक स्थान पर पहुंच रहा है और राष्ट्र को एक प्रकार के लड़खड़ाने वाले स्थान पर लेकर आया है।

70 कुछ वर्ष पहले, जब उनके पास था... पहले पेंटीकोस्टल सामने आए, इसने कुछ वर्षो पहले राष्ट्र को बचाया जब एल स्मिथ चलाने जा रहा था। अमेरिका तब इसे भली प्रकार से जानता था। लेकिन पेंटीकोस्टल इतना सांसारिक हो गया ये इसमें आगे बढ़ता चला गया और एक मसीही के रूप में अपना जन्म सिद्ध अधिकार राजनीति को बेच दिया, और ये बाईबल के आगे की राजनीतियां है। ओह, प्रभु!

71 अब, जरा एक मिनट, और ध्यान दे कि बस यह कैसे बाहर आता है। अब, हम पाते हैं कि उन्होंने क्या किया और वे चीजें जो उन्होंने की, हम उन्हें यहाँ बिल्कुल ठीक समानांतर में देखते हैं, हर जगह पाप है। ईजेबेल भीतर आई, और उसने सब लोगों को सम्मोहित कर दिया। और ध्यान दें, अंत में, उसने बालाम के लिए बड़े–बड़े मंदिर बनाना आरंभ कर दिया। क्या यह सही है? और बालाम के याजकगण हर कहीं से उस स्थान पर झुण्ड में आ गए, और देश को बालाम की आराधना से दूषित करने लगे।

72 देखो उन्होंने क्या किया है, देखो उन्होंने कैसे जाल बुना है। बस वही चीजें जो उन्होंने की है, देखिए आज वे कहां पर हैं। कैथोलिको की ओर देखो निगलता जा रहा है, निगलता जा रहा है, निगलता जा रहा है; उसमें विवाह कर रहे है, इसे तोड़ रहे है, बिल्कुल ठीक जो दानिय्येल ने कहा कि वे ऐसा करेंगे। लोहा और मिट्टी आपस में मिश्रित नहीं होंगे, लेकिन उनके बीज एक दूसरे के साथ मिल रहे है, टूट रहे हैं। हर प्रोटेस्टेंट लड़की जो

कैथोलिक लड़के से विवाह करेगी, वह अपने बच्चो की कैथोलिक परवरिश करेगी। सभी इस प्रकार से, विवाह कर रहे है, मिश्रित हो रहे है, इस प्रकार से यहाँ तक कि पूरा संयुक्त राज्य अमेरिका भीतर ही भीतर प्रभावित हो गया है।

73 हम मिशनरियों के रूप में हम क्या करने जा रहे हैं, वहां उस ओर जा रहे है ताकि दक्षिणी अमेरिका को स्वतंत्र कराये और समस्त संसार का भाग, टॉमी ओसबोर्न और वे लोग, लोगों को मूर्तिपूजा से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं और वे वापस उंगली उठाकर संकेत कर सकते है कि हमने अपना अगुवा चुना है, और वही चीज। हे परमेश्वर। इस संसार का क्या—क्या होने जा रहा है? ये यहां हर व्यक्ति को हिला देना चाहिए। हम कैसे उत्तर देंगे? मिशनरी क्या कहने जा रहे हैं, जब वे कहते हैं, "तुम यहां हमें इससे छुड़ाने आए हो, और तुम्हारे अपने ही लोग इसी चीज को अपने कार्यालय में बैठाते है, सिंहासन पर"? हम कैसे करेंगे... क्या...

74 इतिहास के पन्नो में पीछे की ओर देखे, पीछे मुड़कर देखें और देखे क्या यह—क्या यह सचमुच, लगभग, इसके लिए असंवैधानिक नहीं है। वे ऐसा वर्षों पहले नहीं करते थे, लेकिन, देखिए, हमने अपने मसीही अधिकारों को राजनीति के लिए बेच दिए है, और इसी तरह शैतान अपने आप को इसमें बुनता चला जाता है। आहाब कुछ भी नहीं था, वो केवल ईजेबेल के हाथ की कठपुतली था। बस यही सब होगा, बस हाथ की कठपुतली। वह इसे स्वयं से नहीं करेगा, लेकिन जो व्यवस्था उसके पीछे है वह उसे इसके लिए चलाएगी। बिल्कुल सही बात है! आप जो मसीही है, अपने विवेक को चिमटी लो। स्वयं को जगाओ, कही आपके सोचने से भी अधिक देरी ना हो जाए। जिस परिस्थिति में हम हैं, जिस परिस्थिति में वे थे, और कैसे उन्होंने अपने आपको ढीला छोड़ दिया।

75 कैसे परमेश्वर का महान प्रेमी ह्रदय अवश्य ही रोया और चिल्लाया होगा, जब उसने अपने मिशनरी लोगों को देखा। उन्हें एक उदाहरण बनाया, सारे राष्ट्र हर एक स्थान से आ रहे है क्योंकि परमेश्वर ने उसे आशीषित किया था, उन्हें एकता में देख रहा है, आत्मिकता में, परमेश्वर की सेवा कर रहे थे। और तब यह सोचते है कि उसने उन्हें—उन्हें उनके पहले वाले प्रेम में वापस देखने की लालसा की और जो सही है उसी चीज को करे, लेकिन वे निरन्तर दूर, और दूर, और दूर होते चले गए, यहां तक अंत में कि ईजेबेल

भीतर आ गई। हमने बिल्कुल यही किया है। मसीह के सिद्धांतों से भटक गए। जब परमेश्वर ने अपने सेवकों को समस्त राष्ट्र में भेजा, उन्होंने पवित्रता को प्रचार किया (पिलग्रिम होलीनेस, नाज़रीन, पेंटीकोस्टल), "परमेश्वर की ओर वापस फिरे! परमेश्वर की ओर वापस फिरे!"

76 और वास्तविक पुरानी स्थापित कलीसियाये बस हंसती और उपहास उड़ाती है। उनमें से बहुत से विश्वासी आधुनिक है, क्यों, वे हर एक चीज को दोषी ठहराते है जो उन लोगों ने किया और कहा, "यह शैतान की ओर से था।" इसने क्या किया? और कलीसिया ने इसको सुनना आरंभ कर दिया, अधिकांश ने सुनना आरंभ कर दिया। पहली बात आप जानते हैं, "यदि कैथोलिक स्त्री इस प्रकार की चीजें को पहन सकती है, तो प्रोटेस्टेंट भी पहन सकते है। तब यदि कैथोलिक कलीसिया *ऐसा* कर सकते थे, तो प्रोटेस्टेंट भी कर सकते हैं। तब यदि मेथोडिस्ट कर सकते है, तो बैपटिस्ट के विषय में क्या है? तब यदि बैपटिस्ट कर सकते है, तो पेंटीकोस्टल के विषय में क्या है? "

77 देखिए, यही है जो मनुष्य की बनाई हुई व्यवस्थाएं आपको अंदर लाती है। हाल्लेलुय्या! यह सत्य है। यही कारण है कि मैं इसके विरोध में हूं, क्योंकि परमेश्वर का वचन इसके विरोध में है। मनुष्य द्वारा बनायी गयी व्यवस्था: परमेश्वर इसके विरोध में है, उसका वचन इसके विरोध में है, उसके भविष्यव्यक्ता इसके विरोध में होंगे, उसके सच्चे सेवक इसके विरोध में होंगे, वे सब जो परमेश्वर के आत्मा से जन्मे है वे इसके विरोध में होंगे।

78 देखिए इस्राएल का क्या हाल हुआ, वे कैसे लहरो के साथ बहते चले गए, यहां तक कि अंत में ईजेबेल आ गई। देखिए अमरीका का क्या हाल हुआ, और सांसारिक लहरों में बहते चले गये, यहाँ तक कि अंत में ईजेबेल ने सिंहासन को ले लिया। यह सही है। अब, ईजेबेल असल में मिस्र के सिंहासन पर नहीं थी... या, इस्राएल का सिंहासन, लेकिन सिंहासन के पीछे वही मुख्य प्रधान थी। और कैथोलिक धर्मसत्ता संयुक्त राज्य के सिंहासन पर नहीं है, लेकिन इसके पीछे वो ही व्यवस्था है क्योंकि इसने इससे विवाह किया है। और बाईबल ने कहा, इस देश में, वे इस "पशु के *समान* एक मूरत बनायेंगे।"

79 ओह, भाई, बहन, क्या मामला है? खैर, मैं—मैं जानता हूं कि यह क्या है। बाईबल ने कहा कि वे इस लौदिकिया युग में आयेंगे, और यही

है जहाँ पर हम हैं। अब आप मुझसे घृणा कर सकते हैं, लेकिन एक दिन आप नहीं करेंगे जब आप जान जायेंगे कि सत्य क्या है। आप असहमत हो सकते हैं और खड़े होकर पैर पटककर भवन से बाहर जा सकते हैं, यह बस आपकी अशिक्षा को दर्शाता है। लेकिन किसी दिन आपको एहसास हो जायेगा, किसी दिन आप लालसा करेंगे और जान जायेंगे कि यह सत्य है! मैं इसे प्रभु के नाम से बोलता हूं! अपने आप को एक लक्ष्य के लिए ऊपर रखता हूं, जो अंत में मुझे कब्र की ओर ले जाएगा। जब तक मैं मरता नही हूं मैं इसका गवाह होऊंगा, यदि परमेश्वर मेरी सहायता करे। यह सही बात है।

80 यहां हम इस स्थिति में हैं जिसमें आज हम है, यह सब इसी तरह से चल रहा है। इस्राएल में, आहाब ने किस तरह से किया, वो ईजेबेल के हाथ की एक कठपुतली था क्योंकि वह–... उसने उससे विवाह किया था। अमेरिका, हमारा अगुवा, कैसे किया... आप जानते हैं कि हमारा अगुवा एक धनी मनुष्य था? कितने यह जानते हैं? एक करोड़पति। किसी ने मुझे बताया, पत्रिका में या किसी रेडियो में या टेलीविजन या ऐसे ही कुछ, जैक बैनी या किसी ने एक बात... अर्नी फोर्ड, मैं सोचता हूं कि यही था। किसी ने कहा कि “उसके पिता ने उसकी दो राज्य लेने में सहायता की जो कि वह उसके अपने नहीं थे।” बाकी भी उसी के होने वाले थे। उसे यह कैसे मिला? वह पैसा कैसे आया? उस व्हिस्की के व्यापार, और शराब के द्वारा। यही कारण है कि उसने व्हिस्की और ऐसी ही चीजों पर टैक्स कम कर दिया। यही है जिसने उसे धनी व्यक्ति बना दिया। इसी चीज ने हमारे राष्ट्र की बर्बाद कर दिया, इसी चीज ने हमारे लोगों के दिमाग को भ्रष्ट कर दिया, इसी चीज ने हमारे लड़कों को शराबी बना दिया, और हमारी लड़कियों को वैश्या बना दिया, उसी में निकाले गये पैसे ने उसे धनी व्यक्ति बनाया।

81 वही चीज, वो पुरानी ईजेबेल की व्यवस्था, इसी चीज ने हमारे लोगों को सताया, यही चीज उन्हें बाहर खींच कर (रोमनवाद में) और उन्हें जला दिया और उन्हें टुकड़े–टुकड़े किया और उनके साथ हर एक चीज को किया, शहीदों का वही लहू (बाईबल कहती है) ये उसमें है! वे वहां है, एक दूसरे से विवाह किया। और हम अमेरिकी डगमगाते है, “ओह, ठीक है, हमारे पास कुछ अतिरिक्त डॉलर हैं और हमारा समय अच्छा है। और बाकी के राष्ट्रों से अधिक बेहतर है।” लेकिन, भाई, आप बस कुछ मिनट प्रतीक्षा करे।

82 आइए अब हम इसे शब्द दर शब्द लेंगे, अगले कुछ मिनटों के लिए, देखेंगे क्या घटित हुआ।

83 प्रचारक ठीक इसके साथ–साथ चले, और उनके साथ गिर पड़े, ठीक उनके साथ हो गए, सारी व्यवस्था के साथ। समस्त इस्राएल की व्यवस्था ठीक ईजेबेल के साथ–साथ चली। उन्होंने एक भेष धरा था, जी हां। और क्या बाईबल नहीं बताती है कि अंतिम दिनों में हम "एक भक्ति का भेष धरेंगे"? सारी भविष्यवाणियां पूरी हुई है, भाई, हम अंत में हैं! राष्ट्रीय रीति पर, हम अंत में हैं! आत्मिक रीति पर, हम अंत में हैं! हर व्यवस्था अपने अंत में है! अगली चीज प्रभु का आगमन है और कलीसिया का रूपांतरण।

84 परमेश्वर ने हर एक चिन्ह और आश्चर्यकर्म भेजे, सब कुछ किया जो वो कर सकता था, लोगों को वापस खींचने का प्रयास किया, और वे निरंतर इसी पर आगे बढ़ते रहे। यहाँ इस नगर की ओर देखे। यहां इस राष्ट्र की ओर देखे, हजारो और हजारो पेंटीकोस्टल लोगों के साथ; और सत्य पर खड़े होने के कारण, वे इस दोपहर को कहां पर है? क्योंकि किसी ने तो उन्हें बताया कि इन सभाओं में सहयोग ना करे। तुम बेचारे, जानबूझकर... परमेश्वर आप पर दया करे, मैं केवल यही कह सकता हूं। जब कि आप मसीही लोगों के पास इतनी भी दृढ़ता नहीं रही, तो तुम्हारे पास रीढ़ की हड्डी की जगह केवल दिखावटी हिम्मत रह गई है। सही है! हमें जो आवश्यकता है वो ये है, "सुसमाचार को दांतों के साथ प्रचार करें," यह चीजों को टुकड़े–टुकड़े कर दे। उन बाकी लोगों की तरह हो गये, तब आप सोचते हैं कि हम इसके विषय में क्यों चिल्लाते हैं। तब, आप देखिए, आपको "ठंडी प्रतिक्रिया" मिलती है। मैं इसकी अपेक्षा करता हूँ, मुझे करना ही पड़ता है।

85 यह सब इस्राएल में होता रहा। अंत में, एक दिन, जंगल में से एक कदम को पटकता हुआ आया, एक बूढ़ा बालो वाला व्यक्ति, एलिय्याह तिशबी आया। वो किसी संगठन में से नहीं आया, वह जंगल में से आया! उसका उनसे कोई मतलब नहीं था। वह प्रभु का एक भविष्यव्यक्ता था। भाई, उसने ईजेबेल के राज्य को हिला दिया हर चीज जो उसमें था। उन्होंने उससे घृणा की। उसके पास कोई सहयोग नहीं था, मैं आपको इसकी गारंटी दूंगा। बाईबल कहती है नही। निश्चित रूप से। उसने उन मुंह रंगी हुई ईजेबेलो को "जलाया," मैं कल्पना करता हूं। उसने यूहन्ना के समान कुल्हाड़ी को पेड़ की जड़ पर चला दी, उसकी लकड़ी के छोटे–छोटे टुकड़े

जहां भी गिरे, लेकिन उसने वार ठीक जड़ पर किया। उसने राष्ट्र को हिला दिया, यह दिखाते हुए कि वे गलत थे, और उन्हें सच्चे जीवित परमेश्वर के पास वापस लाने की कोशिश कर रहा था, बजाये ईजेबेल की आराधना के उसके वचन पर वापस लाये।

86 उन्होंने क्या किया? क्या उन्होंने उसे स्वीकार किया? उन्होंने उससे घृणा की! लेकिन उसका वचन वैसे ही आगे बढ़ा, क्योंकि उसके पास **यहोवा यों कहता है** वाला वचन था! परमेश्वर ने उसके साथ काम किया, और दिखाया वह अभिषिक्त भविष्यद्वक्ता था उन बातों के द्वारा जो उसने कही वो घटित हुई। और वह सब जो उसने किया इससे साबित हुआ कि वह परमेश्वर का भविष्यव्यक्ता था। लेकिन वे फिर भी इसका विश्वास नहीं करेंगे, क्योंकि उसने उनके खेलने के घरों को तोड़ दिया। उसने उन्हें बताया कि वे गलत थे। आहाब एक बिगड़ा हुआ व्यक्ति था। यह सत्य है! और आप ध्यान दे उन्होंने उसका विश्वास नहीं किया, लेकिन उसने वैसा ही प्रचार किया। उसके साथ कोई भी प्रचारक सहमत नही हुआ, उसने कहा, “प्रभु, केवल मैं ही एक बचा हूं। उन्हें देखिए, वे यहां तक कि... कोई भी सहयोग नहीं करेगा।” लेकिन उसके पास करने के लिए एक उद्देश्य था और उसने किया। उसके पास प्रभु का वचन था, **यहोवा यों कहता है!** और उसने राष्ट्र पर आक्रमण किया, उसने कलीसिया पर आक्रमण किया, हर एक चीज जो वहां पर थी, और परमेश्वर उसके साथ था!

87 हमसे प्रतिज्ञा है, कि अन्तिम दिनो में वह इस राष्ट्र में भी वापस लौटेगा। मैं जानता हूं, यीशु, जब... मत्ती 17, जब उन्होंने उससे पूछा, “शास्त्री क्यों कहते हैं, ‘एलिय्याह... ’? ”

88 देखिए उसने क्या कहा, “एलिय्याह का पहले आना अवश्य है,” भूतकाल, वर्त–... भविष्य काल में। लेकिन तब उसने यूहन्ना का एक उदाहरण दिया। यूहन्ना मलाकी 4 नहीं था। यूहन्ना मलाकी 3 था, “देखो, मैं अपने आगे एक संदेशवाहक भेजता हूं ताकि मार्ग को तैयार करे।”

89 मलाकी 4, उसने कहा, “इसके पहले प्रभु का बड़ा और भयानक दिन आए, जब सारी धरती भूसे के समान जल जाएगी; उस दिन से पहले, मैं एलिय्याह को भेजूंगा।”

90 और यह यूहन्ना नहीं था, क्योंकि जब यहुन्ना आया प्रभु ने धरती को कभी नहीं जलाया। और यदि आप ध्यान दें, और अन्त के अध्याय में,

अन्त के पद में, उसने कहा, "और वह... " (देखिए: *वह* बातें कर रहा है) "... पूर्व-पिताओ के ह्रदय को बालकों की ओर फेरेगा, *और* बालकों के ह्रदय पूर्व-पिताओ की ओर फेरेगा।"

91 अब ध्यान दे! पहला यूहन्ना आया, पहला एलिय्याह, उसने क्या किया? वह आया और एक संदेश को लाया और पुराने रूढिवादियों के कठोर ह्रदय को युवा कलीसिया के विश्वास की ओर, बालको की ओर फेरा। लेकिन जब अगला एलिय्याह आया, अंत समय में, उसे वापस जाकर और उन—उन पूर्व-पिताओ के ह्रदयो को लेना था... मेरा मतलब, बच्चों के ह्रदय को, और पेंटीकोस्टल पूर्व-पिताओ की ओर वापस फेरना था। भिन्नता को देखा? वह यहां पर इनमें से *कहलाने वाला* नहीं होगा जो आज हमारे पास है, वह सीधे प्रेरितों के काम 2 पर वापस जाएगा और ठीक वहीं से आरंभ करेगा। वह शुद्ध सुसमाचार का प्रचार करेगा, ठीक उन्हीं बातों को कहेगा जो पतरस ने पेंटीकोस्ट के दिन पर कही थी, क्योंकि जो उसने पेंटीकोस्ट पर कहा वह बाकी के वचनो में से होते हुए प्रमाणित हुआ। जब एलिय्याह आता है, वह किसी संगठन के साथ समझौता करके नहीं चलेगा। वह स्त्रियों से घृणा करेगा जैसे एलिय्याह ने किया, जैसे... याने बुरी स्त्रियों से, जैसे यूहन्ना ने किया। वह एक जंगल प्रेमी होगा, ठीक जैसे वे थे। वह छोड़ेगा नहीं। हम उसके आने की राह देख रहे हैं। वह आयेगा! परमेश्वर ने कहा कि वह आयेगा, और वह यहां पर होगा!

92 मैं विश्वास करता हूं, यदि कुछ भी, वह सन्देश जो आज हमारे पास है, वह उसके महान आगमन के आगे-आगे जायेगा। जी हां, श्रीमान! वह अपने मार्ग पर है, जन्म ले चुका है। जैसे एलिय्याह था, और जंगल में ललकारता हुआ है, कहीं पर तो वह स्वयं को प्रगट करेगा। वह प्रेरितों के काम 2 को प्रचार करेगा। वह इन पुराने पेंटीकोस्टल पूर्व-पिताओ के विश्वास को वापस लौटा... इन पेंटीकोस्टल बालको का विश्वास, ठीक पेंटीकोस्टल पूर्व-पिताओ के विश्वास की ओर वापस लौटाएगा। वह ठीक प्रेरितों के काम 2 पर वापस जायेगा, प्रेरितों के काम 2:38 सभी संदर्भ में। वह वास्तविक, शुद्ध सुसमाचार को लाएगा। उसका ईजेबेल और उसकी व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं होगा। वह परमेश्वर का एक दास होगा। निश्चय ही वह होगा! बाईबल ने कहा वह आयेगा। वह भविष्यवाणी करेगा और अपने संदेश को इन ईजेबेलो के मुंह पर ललकारेगा, ठीक वैसे ही जैसे एलिय्याह ने इस्राएल के आरम्भ में किया। वे उससे घृणा करेंगे! वे उसके

साथ सहयोग नहीं करेंगे। नहीं, नहीं। वह आयेगा! परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की है, और वह दृश्य पर आयेगा। वह—वह चुनी हुई कलीसिया को वैसे ही प्रचार करेगा जैसा कहा गया है, उस चुने हुओं को हिलाते हुए, उससे शारीरिक बातों को अलग करते हुए, वो—वो संसार और उसकी चीजों को, इसे हिलाते हुए, इसे शुद्ध करते हुये, और कलीसिया को एक साथ, एक लोगों के रूप में इकट्ठा करता है।

93 मैं जानता हूं कि आप कहते हैं, “यह मेरा संप्रदाय है।” भाई, आप गलत है! यूहन्ना एक मनुष्य की व्यवस्था के रूप में आया कि एक मनुष्य का परिचय कराए: यीशु मसीह। और एलिय्याह कोई सिद्धांत नहीं होगा, एक मनुष्य होगा, यीशु ने ऐसा कहा है। यह एक मनुष्य होगा जो कि पवित्र आत्मा से अभिषिक्त होगा। और वह तीन या चार ईश्वरो से परिचय नहीं करायेगा, वह एक का परिचय करायेगा: प्रभु यीशु मसीह का, क्योंकि उसका संदेश पेंटीकोस्टल बालको को हिलायेगा कि पूर्व–पिताओं के विश्वास की ओर फिर से वापस फेरे।

94 भाई, आपको याद है, यदि मैं इन बातों को बुरा कहता हूं, तो मुझे वेदी पर होने की आवश्यकता है। मैं आपको बता रहा हूं ये, **“यहोवा यों कहता है!”** यदि परमेश्वर यह प्रमाणित ना करे, कि जो मैंने आपको बताया है वह सत्य है, समस्त राष्ट्र और समस्त संसार, तो फिर मुझे बताये गलती कहां है। मैं आपको सत्य बता रहा हूं! परमेश्वर की ओर वापस आ जाओ, जल्दी से! इन व्यवस्थाओ से बाहर आ जाओ, क्योंकि बाईबल कहती है प्रकाशितवाक्य में, कि रोमन कैथोलिक पुरोहितवाद एक “वैश्या,” थी और वह एक “वैश्याओ की माता” थी। यह क्या है? कलीसियाये, व्यवस्थाये।

95 और मैथोडिस्ट कलीसिया कहां से आई, लूथरन कलीसिया कहां से आई? मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, और सारे संगठन कहाँ से आये? परमेश्वर ने एक कलीसिया को कभी भी संगठित नहीं किया। कैथोलिक कलीसिया ने कहा कि वे वहां पीछे थे, “यीशु ने कलीसिया को संगठित किया।” मैं—मैं इस बात के लिए इतिहास का एक पन्ना चाहता हूं, या बाईबल का एक पन्ना। तीन सौ छह वर्षों तक कोई भी संगठन नहीं था अन्तिम प्रेरित की मृत्यु के पश्चात, तब उन्होंने निसियन परिषद का गठन किया और एक संगठन बनाया। और जब लूथर बाहर आया… वह परमेश्वर का एक महान व्यक्ति था, लेकिन जैसे ही वह चला गया, वह लोगों का छोटा झुंड आगे बढ़ा

और एक और संगठन बना लिया। तब पवित्र आत्मा जॉन वैसली पर चला गया, उसने कभी भी कोई संगठन नहीं बनाया, लेकिन उसके जाने के बाद वे संगठित हो गए। तब पवित्र आत्मा पेंटीकोस्टलो के साथ हो गया, और वे मैथोडिस्ट से बाहर निकल गए। और क्या हुआ? तब *उन्होंने* संगठित किया।

96 लेकिन वहां एक व्यक्ति की व्यवस्था होगी जो सामर्थ और एलिय्याह के अभिषेक के साथ आगे आएगी, ताकि भविष्यवाणी को पूरा करे। हाल्लेलुय्या! वह इसे हिला देगा। और, याद रखें, उसने उन से भविष्यवाणी की, और भविष्यवाणी की, और उन्हें सारी बातें बताई, और परमेश्वर ने उसके साथ कार्य किया। लेकिन उसका अंतिम सन्देश व्हाइट हाउस पर प्रहार करना था। उह–हुंह। जब यूहन्ना आया, उसके अंतिम संदेश उस दिन के व्हाइट हाउस पर प्रहार था। एलिय्याह का अंतिम संदेश, जब वह उस मार्ग पर उस सुबह को परमेश्वर की उपस्थिति से उठ कर आने के बाद, उस मार्ग पर से आ रहा था सफ़ेद बाल उसके सारे शरीर पर थे, उसका गंजा सिर चमक रहा था, दाढ़ी हवा में लहरा रही थी, वे छोटी–छोटी बूढी आंखें, परमेश्वर की महिमा से चमक रही थी। वह छड़ी उसके हाथ में थी, और उसके पांव पूरी तरह से स्थिर थे जितने हो सकते थे। वह क्या कर रहा था? सामरिया से चलते हुए व्हाइट हाउस के सामने जा रहा था, और ये कहते हुए, **"यहोवा यों कहता है!"** कोई डर नहीं। कलीसियाओ ने उसे ठुकरा दिया था, लोगों ने उसे ठुकरा दिया था, सो अब उसने अपना अन्तिम प्रहार व्हाइट हाउस पर किया।

97 तब उसके बाद क्या हुआ? सुनना! प्रहार के पश्चात, उसकी आवाज शांत हो गई, किसी ने भी उसे और नहीं सुना। परमेश्वर ने उसे दृश्य से वापस बुला लिया, कहा, "एलिय्याह, तूने अपना संदेश सारे इस्राएल पर प्रगट कर दिया है, वे इसे जानते हैं। अब यहां जंगल में आ जा, उनसे अलग हो जा, स्वयं को अलग कर क्योंकि मैं कुछ तो करने जा रहा हूं। मैं उन्हें यह दिखाने जा रहा हूं कि मेरे संदेश को ठीकरा देना क्या होता है।" क्या रखा है? युद्ध, अकाल, भुखमरी।

98 **पवित्र आत्मा यों कहता है,** "देखो क्या आ रहा है! देखो आगे क्या घटित होने जा रहा है! वहां अकाल था, वहां पर अकाल *होगा*!" ओह, हो सकता है रोटी के लिए नहीं, लेकिन परमेश्वर के वचन और उसके सत्य

को सुनने के लिए। सारी कलीसियाये सामाजिक हो जायेंगी और ठीक उसी तरह से इसमें चली जायेंगी, ठीक जैसे कि वे लोग इसमें पहले ही निगले जा चुके हैं।

99 एलिय्याह ने क्या किया? उसे एक छिपा हुआ झरना मोड़, वहां दूर ऊपर पहाड़ो पर जहां उसे कुछ जीवन का जल मिला, परमेश्वर की ओर से दिव्य प्रकाशन जैसे कि वह वहां पर परमेश्वर की सामर्थ के नीचे बैठा हुआ। प्रकाशन वह छोटे छिपे हुए झरने के समान था, जबकि बाकी के लोग अकाल में थे। और परमेश्वर अपने सेवको को आशीषित करता है (वे कौवे), वे उसके खाने के लिए कुछ तो लेकर आये जब वह लोगों से अलग था। और वे लोग एक बेदारी के लिए अकाल ग्रस्त थे और सब चल रहा था। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] "उसकी बेदारी के विषय में और नही सुना... वह बुढा सनकी कहाँ गया जो यहाँ–वहाँ जाकर ओर हमारे संगठनाओं पर जोर से फटकार लगाता है? वो अब कहां पर है?" वे नहीं जानते थे। उसने अपने आप को परमेश्वर के साथ अलग कर लिया, एकान्त स्थान में जहां वे लोग उसकी आवाज को नहीं सुन पाये। तब वे देखने लगे।

100 जब परमेश्वर एक संदेश भेजता है और लोगों को बताता है, और वे इसे स्वीकार नहीं करते, तब वह अपने सेवक को वापस बुला लेता है और अपनी पीड़ाओं को भेजता है: अकाल, मृत्यु (आत्मिक और शारीरिक रीति से भी बोल रहा हूं)। आप एक गिरावट को देखने वाले हो, भाई। आप सोचते हैं आपने कुछ तो देखा है, आप बस कुछ देर और प्रतीक्षा करे। आपने कुछ भी नहीं देखा है। आप सोचते हैं आप एक अच्छे आत्मिक बेदारी के लिए तरस रहे हैं, आप थोड़ी देर होने तक और प्रतीक्षा करे। आप बस प्रतीक्षा करे, तरसोगे और रोओगे कि परमेश्वर का वचन सुन सको। बाईबल ने ऐसा कहा है! "वहां अंत के दिनों में अकाल होगा," भविष्यवक्ता ने कहा, "और केवल रोटी और पानी के लिए नहीं, लेकिन परमेश्वर के सच्चे वचन को सुनने के लिए।" लेकिन वह आवाज कहीं तो जंगल में शान्त हो जाएगी, छिप जाती है।

101 उसने कौवों को ठहराया, उसके सेवको को। उन पक्षियों को आशीष मिले, उसके दास, जो एलिय्याह की—की आवाज को उसके—उसके कलीसिया से अलग एकांत में रहने के समय में जीवित रखते है। कौवे उसके

लिए सुबह मांस और रोटी लाए, और शाम को मांस और रोटी लेकर आये, और उसने छोटे झरने से पीया जबकि बाकी सब वहां बिना किसी आत्मिक भोजन और पानी से जीवन व्यतीत कर रहे थे।

102 तब एक दिन, पाप ने जब अपने जोर पर आ गया था, और परमेश्वर अपने लोगों को उनके घुटनों पर ले आया... ईजेबेल ने हे एक को हाथ में ले लिया, उसने सब मिटा दिया, और वह इसे फिर से करेगी! यही है जो **परमेश्वर की पवित्र बाईबल कहती है**, "वह इसे फिर से करेगी।" वह ठीक अभी सिंहासन पर है, हाथ की कठपुतली के पीछे; वो इसे जैसा चाहती है घुमाती है, उसे कोई भी रोकने वाला नहीं होगा। निश्चय ही, उसे अब कोई भी रोकने वाला नहीं है, क्योंकि जो वे धार्मिक दायरों में नहीं ले पाए, उन्होंने हटा कर इसे—इसे राजनीति में बदल दिया, और वहीं पर उन्होंने यह कर दिखाया। उह–हुंह, उन्होंने बिल्कुल ठीक यही किया है। जो कि, राजनीति एक बहिष्कार होगा बिल्कुल ठीक वापस पशु की छाप की ओर, उतना ही निश्चित है जितना की मैं यहां खड़ा हूं, देखिए, जैसा कि बाईबल ने कहा।

103 मैं जानता हूं कि हमें देर हो रही है, मैं जल्दी–जल्दी करूंगा। मुझे इस अंतिम वचन को लेना है, यदि प्रभु मुझे अनुमति दे।

104 ध्यान दे! एलिय्याह वहां तब तक बना रहा जब तक कि परमेश्वर ने उसे वहां से नहीं हटाया। उसके पास कोई भी बेदारी नहीं थी। उसने किसी के विरोध में प्रचार नहीं किया। वह बस वहां परमेश्वर के साथ अकेला खड़ा रहा, वहां जंगल में, क्योंकि वो एक जंगल का मनुष्य था। वह जंगल में ही पला–बड़ा था। जैसे की यूहन्ना जंगल में पला–बड़ा था।

105 वह जंगल में अकेला ही परमेश्वर के पास गया, कलीसिया से हटाया गया जब उसने अपने संदेश को दिया। और कलीसिया ने इसे ठुकरा दिया, इसे ठुकरा दिया। और अंत में संगठन कुछ भी नहीं करेंगे, इसलिए उसे बस वहां से बाहर जाना ही था। परमेश्वर ने उसे दृश्य से बुला लिया, उसे वहां उस जंगल में ले गया, कहा, "यहाँ पर आ जा, वे अब और नहीं सुनेंगे। आ जा, अब मैं अपने न्याय को उन पर भेजूंगा।" ओह, हाँ, वह इन दिनों में से किसी एक दिन यहाँ पर होगा, आप देखना।

106 तब, उसकी भविष्यवाणी के दिनों के बाद, क्या घटित हुआ? कलीसिया मुरझाने लगी, ईजेबेल का बड़ा आतंक, उसने सब अपने बस

में कर लिया, उन सब को निगल गयी। उन्हें अपने अधिकार में कर लिया, और उपवन और बाकी की हर एक चीज बनायी।

107 लेकिन, एक दिन, परमेश्वर ने उसे फिर से बाहर बुलाया! यहाँ वो निकल कर आया। अब ध्यान से सुनना, और मुझ पर नाराज मत होना। मैं कह रहा हूं, "**यहोवा यों कहता है!**" जब वो बाहर आया, परमेश्वर ने क्या किया? उसने उसे एक विधवा स्त्री के घर भेजा। एक समय था जब वह एक—एक पुरुष के अधीन थी, लेकिन उसे आज़ाद करने के लिए मृत्यु आई, जिससे वह भविष्यवक्ता के वचन पर विश्वास कर सके। आपने यह ध्यान दिया? उसका एक पति था जिसने उसे इस तरह से और उस तरह से मार्गदर्शन किया, वहां एक विद्यालय में। लेकिन इस बड़े अकाल के चलते, उसे निगल लिया गया, मृत्यु ने उसे ले लिया। अब वह किसी भी संगठन से नहीं जुड़ी थी, इसलिए वह अब प्रभु का वचन सुनने के लिए तैयार थी। एक स्त्री, का अर्थ होता है एक कलीसिया; एक विधवा, उसका पति (संगठन) मर गया था, और वह केवल इतना ही सोच पा रही थी कि वह अभी जीवित है। और परमेश्वर ने कहा, "अब उसके पास जा, वह स्त्री तेरी सुनेगी, मैंने उसे आज्ञा दी है।"

108 ओह, कभी–कभी हम सोचते है, आप जो वहां छोटा सा झुण्ड है जो कि इतने विश्वासयोग्य हैं और एक सभा को करने के लिए आप सब कुछ कर सकते है, यह दर्शाने की प्रयास करने के लिए कि आपका ह्रदय सच्चा है और आप चाहते हैं वे भी सही हो जाए, आप सोचते हैं कि आपका कठिन समय है। लेकिन, याद रखें, परमेश्वर की आंखे आप पर है! आप उससे प्रेम करते हैं, मैं जानता हूं कि आप उससे प्रेम करते हैं, नहीं तो आप यहां पर नहीं बैठे होते, आप ऐसी किसी भी चीज के लिए उपस्थित नहीं होते। परमेश्वर की आंखें आप के ऊपर है। जी हाँ!

109 और जब वो वहां गया, उसका पति मर गया था, उसका संगठन मर गया, इसलिए अब वह भविष्यव्यक्ता के वचन को सुनने के लिए तैयार है। इसलिए जब भविष्यवक्ता फाटक पर आया और उससे जरा सा—सा पानी मांगा, वह इसे लेने को गई। तब उसने कहा, "मेरे लिए एक रोटी का टुकड़ा ले आ।"

110 और वह घुमी और बोली, "जैसे प्रभु जीवित है, मेरे पास कुछ भी नही है केवल थोड़ा–सा ही बचा है।"

111 अब, यह ऐसा प्रतित होता है कि उसे इसलिए भेजा गया था कि उसके पास जो थोड़ा सा है उसे ले ले, लेकिन यह उल्टा था। जब कि वह इस बात की इच्छा रखती थी कि उसके पास जो है वचन के समर्थन के लिए दे दे, परमेश्वर ने उसे खिलाया। और यदि आप चाहते है कि जो आत्मा आपके पास है उसे दे दे, जो आत्मा परमेश्वर ने आपको वचन के समर्थन के लिए दी है, तो परमेश्वर आपको जीवित रखेगा। हाल्लेलुय्या! ओह, परमेश्वर की महिमा हो! क्या आप इसे देखते हैं, कलीसिया? यह मत सोचिए कि मैं अपने आपे से बाहर हूं, मैं नहीं हूं। लेकिन आपके पास जो है, आप कितना छोटा परमेश्वर में विश्वास करते हैं, आपके पास कितना भरोसा है, इसे वचन पर रखिए, ना कि संगठन पर! इसे परमेश्वर के वचन में रखिए, वह आपको जीवित रखेगा।

112 तब वह तैयार थी, क्योंकि इसके पहले वह ऐसा नहीं कर सकती थी, क्योंकि वे उसे नहीं करने देते। लेकिन अब वह तैयार है। क्या वह इसे स्वीकार करेगी? परमेश्वर ने उसके मार्ग में एक भविष्यव्यक्ता को भेजा। क्या वह उसका वचन स्वीकार करेगी? क्या वह इस भविष्यव्यक्ता को स्वीकार करेगी? हाँ, उसने किया। और उसने उसे बताया, कहा, "अब, जो भी छोटा जीवन तेरे पास है, उसे यहां रख दे, उसे पहले मेरे पास ले आ।" और क्या हुआ? जबकि बाकी संसार दुःख में जीवन बिता रहा था और भूख से मर रहा था, वो और उसके बच्चे और उसका घराना दिन में तीन बार अच्छा खाना खाते, वचन पर दिव्य प्रकाशन का। मित्र, मैं आशा करता हूं कि आप इसे देख रहे है।

113 क्या हुआ? वह वहां तब तक रुका रहा जब तक अकाल समाप्त नहीं हो गया, इस स्त्री के साथ रहते हुए (इस कलीसिया) जिसने उसे स्वीकार किया और उसके वचन का विश्वास किया। और उसने उस महिला को जीवित रखा (कलीसिया को जीवित रखा) प्रभु के वचन के द्वारा, क्योंकि उसने कहा, "**यहोवा यों कहता है**।"

114 अब, हमारे पास बाकी की कहानी को लेने का समय नहीं है, आप जानते हैं, कैसे उसे बाल के पास शक्ति प्रदर्शन के लिए आना था। वह इसे करेगा, इन दिनों में से किसी दिन, आप चिंता ना करें। जब वह जंगल में से पैर पटकता हुआ बाहर आया, आप ध्यान दे कि क्या बात ने जगह ली।

115 क्या घटित हुआ? जब वो भला, बूढा एलिय्याह, वह भविष्यवक्ता,

परमेश्वर का एक सच्चा सेवक, अपने मार्ग के अंत में आया, परमेश्वर ने उसे बताया, एक दिन, कहा, “एलिय्याह, तूने काफी लम्बे समय तक प्रचार किया है। तू ईजेबेल से लड़ा और उसके सारे चेहरे को रंगने और हर एक चीज इतना तक तू ने बहुतायत से किया।” कहा, “यहाँ यर्दन पर आ जा!” और यहाँ पर वह जाता है, नीचे यर्दन पर जाता है। वहां उस ओर पुरानी सी दलदली धारा नीचे आ रही है, ठंडा, बर्फ का पानी, जैसे कि हर एक मनुष्य को सामना करना है: यर्दन, मृत्यु का।

116 लेकिन जब परमेश्वर का यह महान सेवक यर्दन पर चलकर गया, और उसका पुत्र साथ चल रहा था, सुसमाचार का पुत्र,... ओह, हाँ, वह उसका पुत्र था, “मेरे पिता, मेरे पिता, इस्राएल के रथ, और उसके घुड़सवारों।” जब वह और उसका पिता हाथ में हाथ डाले यर्दन तक चलकर गए, वह अपने पिता को देख रहा था जो उस सुबह छोड़ जा रहा था।

117 जब वो नीचे यर्दन पर पहुंचा, उसने आगे बढ़ कर अपने कंधों पर से सामर्थ के वस्त्र को उतारा, कहा, “मृत्यु, तू मेरा कुछ भी नहीं कर सकती।” और उसने यर्दन पर मारा, “हट जा, इस सुबह मैं पार कर रहा हूं।” क्या हुआ? वह पीछे हट गयी और पाउडर के समान सूख गई। बूढ़ा भविष्यवक्ता क्या कर रहा था? वह यर्दन के उस पार देख रहा था, वह जानता था कि एक रथ घोड़ों के साथ वहां उसकी प्रतीक्षा कर रहा है। वह घर जा रहा है, उसका काम पूरा हो गया था। सुसमाचार में उसका पुत्र उसका स्थान ले रहा था।

118 उस दिन पश्चिम से मैं घर आ रहा था। यह मेरे मन में आया। मैंने रेडियो चलाया (मुझे तीन दिन कार को चलाना था, चौबीस सौ मील, केवल मुझे ही)। मैंने रेडियो चलाया और मैं... डेल रियो, टेक्सास से आत्मिक चोजों को सुन रहा था। वहां एक व्यक्ति था जो बूढ़े, काले, नीग्रो के विषय में बात कर रहा था। वह मरने पर था और उसे नदी के किनारे आना था, उसने कहा, “वह सोने की चप्पलें जो मैं पहनने जा रहा हूं, ताकि सोने की सड़कों पर चलूं।” इस बूढ़े नीग्रो ने अपने सारे जीवन में प्रचार किया था और केवल एक चीज जो वह सोच सकता था, वह थी दिलासा या शांति, जो उसके पास थी, जो उसका पुराना बैंजो या बजाने का उपकरण था ये दीवार पर लटका हुआ था। उसने कपास के गट्ठो पर बैठकर और उसने स्तुति के गीतों को बजाया, अपने आप को अपनी सेवकाई से विश्राम दिया, उस

पुराने बैंजो के साथ। उसके पास विश्राम करने का यही तरीका था। उसने कहा वह बूढा कटी हुई पूंछ का घोडा जिसे वह चलाया करता था वहां उस रथ के साथ होगा। मैं उनके विषय में सोच रहा था। उसने कहा, “वे सोने की चप्पलें जो मैं पहनने जा रहा हूं, कि सोने के रास्तों पर चलूं।”

119 और जब वह गीत को गा चुका, मैंने रेडियो बंद कर दिया। और कार की स्टेरिंग को पकड़े हुए, वहां जा रहा था। “ओह, यह सही है। मुझे भी वहां पर जाना है। मुझे कौन सी चीज़ से कभी दिलासा या शांति मिलेगी? मैं जंगल में कहाँ पर दिलासा पाऊंगा? ” मेरे पास एक छोटी, पुरानी सी बंदूक थी जिसे कहते है... मैं वर्ष के पतझड़ में इससे शिकार करता हूं। यह एक .270, मॉडल 721, रेमिंगटन की बंदूक है। एक व्यक्ति, भाई ने वर्षों पहले मुझे कैलिफोर्निया में इसे दिया था। मैंने उस बंदूक से वर्षों और वर्षों तक शिकार किया है। कैसे... यह क्या ही एक दिलासा या शांति थी, क्योंकि मैं—मैं जानता हूं यह अच्छी गोली चलाने वाली बंदूक है, जंगल में यह मेरा दिलासा या शांति है।

120 तब मैंने अपने दर्शन के विषय में सोचा। जब मैं वहां पहुंचा और अपने सारे लोगों को देखा, मैंने किसी चीज को हिनहिनाते सुना, और मेरा छोटा प्रिंस आता है (मेरा छोटा काठी वाला घोडा) और अपने सिर को मेरे कंधे पर रखा। मैंने सोचा, “जी हां, इन्हीं में से किसी एक सुबह मैं भी यरदन की ओर आ रहा हूं।” और वो पुरानी .270 बंदूक जिसे मैं प्रयोग करता था... दीवार पर लटकी हुई है। मैंने इसे पिछले पतझड़ के बाद से लेकर नहीं लिया है। “वह छोटा काठी वाला घोडा जिस पर मैं सवारी किया करता था, परमेश्वर उसे मेरे रथ में जोड़ देगा, उस सुबह को जब मैं वहां नीचे नदी पर पहुंचता हूं।” यह वहां तब नदी के पार खड़ा हुआ होगा। परमेश्वर उसे भेजेगा, मैंने एक रात को उसे देखा था। वह उसे किसी एक सुबह को मेरे रथ में जोड़ देगा। मैं चला जाऊंगा, बादलों में से होकर, ऊपर चढ़ते हुए।

आइए हम प्रार्थना करें।

121 ओह, परमेश्वर की उस सामर्थ को जिसका मैं आनंद लेने जा रहा हूं जब मैं उन सोने के रास्तों पर चलूंगा! हाँ, वहां वह पुरानी बंदूक जो अब दीवार पर लटकी हुई है, तब उसका कोई उपयोग नहीं होगा। मैं सोचता हूं, यदि मेरा रथ आता है, यदि मेरा छोटे काठी वाला घोडा जिसे मैंने एक

दर्शन में देखा है, मेरे रथ में जुड़ा होगा, उस सुबह, वहां नीचे उस नदी पर खड़ा होगा। मुझे आशा है वो खड़ा होगा। मैं उठाया जाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि कलीसिया भी ऐसे ही उठाई जाये, मैं आप में से प्रत्येक को चाहता हूं।

122 क्या आप जानना चाहते है कि आप कब यर्दन के पास आ रहे हैं? क्या आप इस संसार की इन अधर्मी व्यवस्थाओं को छोड़ देंगे और यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करेंगे? यदि आप एक मसीही नहीं हैं, तो क्या आप अपना हाथ उठाकर और कहेंगे, "भाई ब्रन्हम, मेरे लिए प्रार्थना करें। जब मैं यर्दन के पास आता हूं,... "? परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। "जब मैं यर्दन के पास आता हूं, मैं अपने ऊपर पवित्र आत्मा की सामर्थ को चाहता हूं और उस ठंडे पानी पर आकर, और चल कर पार जाऊं।"

123 आप भला कैसे ऐसी बातों के बोलने के, पवित्र आत्मा के अभिषेक के नीचे बैठ सकते हैं, और यह जानते हुए कि पवित्र आत्मा मुझे आपकी स्थिति बताता है, और आप हाथ उठाने में असमर्थ है? यह ये दर्शाता है कि यह समय जंगल की यात्रा का है! इससे पहले हम प्रार्थना करे क्या कोई एक होगा, एक और? वहां दो लोगों ने अपने हाथ उठाये है; तीन ने, परमेश्वर आपको आशीष दे, पुत्र।

124 हमारे स्वर्गीय पिता! तीन; प्रभु, यह अद्भुत होगा, यदि वे—वे उस दिन बस वहां पर होते है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वे होगे, प्रभु। उन्होंने अपने हाथ उठाये है क्योंकि वे इस बात को मान गए है कि यह सांसारिक सिद्धांत मर रहे हैं, और परमेश्वर के वचन की आवाजें जल्द ही इसे पाना कठिन चीज हो जाएगी, परमेश्वर इसे कलीसिया से ले लेगा। वो चिल्लाहट, दूल्हे की पुकार जल्द ही चली जाएगी और ईजेबेल का तंत्र इसे दबा देगा। लेकिन वे चाहते हैं... छिपे हुए झरने के द्वारा जीते है जैसे एलिय्याह अकाल के समय में से होते हुए संरक्षित किया जाना था। परमेश्वर, अब उन्हें पवित्र आत्मा दे, इनके हृदय को आनंद और शांति से भर दे, और इनके मनों को परमेश्वर के वचन पर रखे वे अभी और इसके बाद, हमेशा के लिए जी सकें। इन्हें आशीषित करे, पिता। यीशु मसीह हमारे प्रभु के द्वारा, वे आपके हैं।

हमारे झुके हुए सिरों के साथ:

125 वे जिन्होंने अपने हाथों को ऊपर उठाया है और मसीह को स्वीकार करना चाहते हैं, क्या आप अपने पैरो पर खड़े होंगे, बस कुछ क्षण के लिए, जबकि मैं आप लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना करता हूं? केवल अपने पैरों पर खड़े हो जाये।

126 हे परमेश्वर, क्या मैं असफल हो गया हूं? यहां तक कि तीन लोग जिन्होंने अपने हाथों को उठाया है, पर उनमें इतना भी दृढ़ विश्वास नहीं था कि वे खड़े होकर उसी बात को स्वीकार करें जो उन्होंने किया था। प्रभु यीशु, मैं यह सब आपके हाथों में समर्पित करता हूं। मैंने आपके वचन को प्रचार किया है, और कोई समझौता नहीं किया है। अब पिता, मैं—मैं इनके लिए घर को छोड़ता हूं। आप वही करें जो भी कलीसिया और आपके सेवक दोनों के लिए उपयुक्त हो, ये सब आपके हाथों में है।

127 पिता, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप खोए हुओं को बचायेंगे, भूखे ह्रदय को भली वस्तुओं से तृप्त कर दे, जो प्यासे हैं उन्हें अनंत जीवन देंना, संदेश की प्रशंसा के लिए अपने दासो को उठाया है, बीमारों और पीड़ितों को चंगाई देना, और आप अपने निमित महिमा को पाए, क्योंकि मैं स्वयं को आपके वचन के साथ समर्पित करता हूं। और मेरे हाथ में, और मेरे ह्रदय में, और मेरे मन में, अपनी व्यवस्था को यीशु मसीह हमारे प्रभु के द्वारा लिखे। आमीन।

दिन के अंत में मैं जब नदी के पास आता हूं,
मैं उस गीत को नहीं गाना चाहूंगा।
और ऐसा प्रतीत होता है जैसे मेरे सारे मित्र चले गए है;
वहां कोई प्रतीक्षा करता होगा जो मुझे मार्ग दिखाएगा,
मुझे यर्दन को अकेले पार नहीं करना होगा।

128 बिल, तुमने प्रार्थना कार्ड बांट दिए? मुझे भारी सा अनुभव हो रहा है। आज तुमने कौन सा दिया है? बी? तुमने ए भी दिया है, क्या तुमने नहीं दिया? ठीक है, बी वालो को पहले बुलाते है, एक से... प्रार्थना कार्ड बी, नंबर एक। हम आपकी बीमारी के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं। बी, नंबर एक, ये किसके पास है? प्रार्थना कार्ड बी, नंबर एक, कोई तो वहां पीछे। महिला, यहाँ आ जाए। बी, नंबर दो, अपना हाथ उठाये। वह महिला? नंबर तीन। बी, नंबर तीन, कृपया आप अपना हाथ उठायेंगे, जिससे कि मैं देख सकूं कहां है। तीन? नंबर चार, बी, नंबर चार। बी, नंबर पांच। क्या कृपया

करके अपना हाथ उठायेंगे? बी, नंबर पांच। वह व्यक्ति? तो ठीक है, छह, सात, आठ, नौ, दस, ग्यारह, बारह, तेरह, चौदह, पंद्रह। अच्छा, यहाँ, सारे बी यहां पर खड़े हो जाये, जो भी है। बस...

वो... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... सारे संसार में चले गये, कार्यक्षेत्र में हर एक मिशनरी, जहां भी वे जा सकते है।

129 सारे बी प्रार्थना कार्ड के खडे हो जाये और अपने नम्बरो के अनुसार अपना स्थान ले ले।

अब, अगला कौन सा है? ए? किसके पास प्रार्थना कार्ड ए, एक है? ए, एक, यह कहाँ पर है? निश्चय ही यहाँ पर है। ए, एक? वे कार्ड दो दिनों से दिए गए है, या तीन दिन से अब, इसलिए हो सकता है वे यहां नहीं हो। सब प्रार्थना कार्ड ए के साथ, अब आप लोग यहां पंक्ति बना ले। वहां सीधे दीवार से लगकर जाये, आदरभाव से।

130 मैं आपसे बिना प्रार्थना कार्ड के बात करना चाहता हूं, इससे पहले कि पंक्ति को आरंभ करे बस एक मिनट।

131 अब, अपने प्रार्थना कार्ड के साथ, इसे अपने हाथों में पकड़े रहे ताकि लड़के आपके प्रार्थना कार्ड को ले सके। आप लोग प्रतीक्षा कर रहे थे, आप लोग शाम को जल्दी आए जिससे कि अपने प्रार्थना कार्ड को ले सके, और पंक्ति में आने का अधिकार है। मैंने आपसे वादा किया है, कि मैं आप लोगो के लिए प्रार्थना करूंगा। अब मैं अपने वादे को पूरी करने का यत्न करूंगा, परमेश्वर मेरी सहायता करे।

132 ये आपका छोटा लड़का है? बहुत ही प्यारा छोटा व्यक्ति। कृपया मुझे क्षमा करें। ये महिला यहां एक भली प्रकार की सच्ची अमेरीकन है। उसका छोटा लड़का, छोटा सा चोग़ा और धारीवाली जैकेट पहने हुए है। युवा महिला लंबे बालों के साथ, अच्छी वेषभूषा पहने हुए है। परमेश्वर उसे और उसके घराने को आशीष दे, और उसके पति को, उसके प्रियजनों को। यह सच्ची मूल संयुक्त राज्य अमेरिकन है, जिसके ऊपर "मसीहत" लिखा हुआ है। लंबे समय तक होने पाए हमारा राष्ट्र ऐसा ही बना रहे! छोटी महिला मुझे ऐसा कहने के लिए क्षमा करें, लेकिन मैं बस... ताकि लोग जान सकें कि मेरे विचार में एक मसीही का रूप कैसा होता है; कोई साज–सज्ञा नहीं, जो चीजे वे लगाती है, बस एक सादगी से भरी स्त्री।

133 भाई सुलिवन, परमेश्वर आपको आशीष दे।

134 वह *महान वैद्य*, यदि आप चाहे।

> वो महान वैद्य अब समीप है,
> सहानुभूति देने वाला यीशु;

135 क्या आप उसमें विश्वास करते हैं? क्या आप विश्वास करते हैं कि वह महान वैद्य है? अब बस एक क्षण भक्तिभाव में रहे। हमारे पास अभी थोड़ा समय है, मैंने संदेश को थोड़ा छोटा किया है। मैं आशा करता हूं कि आप समझ गए है, कि, मेरा क्या अर्थ है। बस अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें। जब वे सब पंक्ति में आ जाते है, तो कोई वहां पीछे लोगों को पंक्तिबद्ध करने के लिए होता है। ठीक है? क्या कहते है? अब सब जिनके पास प्रार्थना कार्ड है खड़े है।

136 क्या आप भी विश्वास करते हैं बिना प्रार्थना कार्ड वाले? यदि आप विश्वास करेंगे, तो परमेश्वर *आपको* पुकारेगा। अब, सारे प्रार्थना कार्ड वाले पंक्ति में है।

137 छोटी लड़की वहां पीछे खराब पैर के साथ बैठी है, यहां उस पर... क्या आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर इसे चंगा कर देगा? यदि आप करती हैं, तो बस विश्वास करे और परमेश्वर इसे आपके लिए प्रदान करेगा।

138 सोचती है कि आपके बीमार पिता ठीक हो जायेंगे? आप विश्वास करती हैं, आपके पास ये हो सकता है।

139 वहां आपके विषय में क्या है, अपने भतीजे के लिए प्रार्थना कर रही है, जो अधीरता की स्थिति में है? आप सोचती हैं कि परमेश्वर उसे चंगा कर देगा? महिला, जो वहां बाहर बैठी है, यदि आप इसका विश्वास करे, तो आपके पास ये हो सकता हैं।

140 आप सभी जन विश्वास करेंगे?

141 अब मैं चाहता हूं... मेरे कितने भाई लोग यहां पर हैं, सुसमाचार प्रचारक, पूर्ण–सुसमाचार प्रचारक या वे जो भी हैं, जो दिव्य चंगाई में विश्वास करते है? अपने हाथों को उठाये। मैं चाहूंगा कि आप लोग यहां आकर लोगों के लिए प्रार्थना करने में मेरी सहायता करें, ताकि लोग देख सके कि यह केवल मैं ही नहीं हूं जो लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं, आप भी कर सकते हैं। यहां आए और मेरे साथ मंच पर खड़े हो जाए। क्या आप आएंगे, भाइयों, आप सेवकगण? सीधे यहां आकर और ठीक साथ में मंच पर खड़े हो जाये।

यह अच्छा है। धन्यवाद, भाइयों। आपका धन्यवाद। सीधे आगे आ जाये, भाइयों, आईये।

142 क्या कहा? [कोई कहता है, "क्या हम यहां दोहरी पंक्ति बना सकते है?"—सम्पा।] हां, आप कर सकते हैं। ठीक यहाँ दो पंक्तियां बना ले, ये अच्छा रहेगा। यह अच्छा है। अब इसे दूसरी ओर घुमा दे, भाई। इस ओर घुमा दे, मैं लोगों को सीधा इधर यहाँ से लाना चाह रहा हूं। अब आप में से कुछ लोग मेरे इस ओर आ जाए, ठीक यहां, यदि आप चाहे तो इस ओर खड़े हो जाएं। यही है।

143 अब, श्रोतागण, आप इन भले मनुष्यों को देख रहे हैं? ये लोग जो ठीक यहां ऊपर खड़े होंगे, और इसी सुसमाचार के लिए जो प्रचार कर रहा हूं। समझे? वे यहां आ रहे हैं क्योंकि वे इसमें विश्वास करते हैं। अब आपको अपने पास्टर पर गर्व होना चाहिए जो स्वयं को यहां मंच पर दिखाएगा, कड़क, जोरदार प्रचार के लिए। ये वे लोग हैं जिनके पास एक प्रकाशन है, जो ये जानता हैं... मैं लोगों के विरोध में नहीं हूं, कभी–कभी हम सिद्धांतों में फंस जाते हैं जो कि हमें ऐसा बना देते है... वे तो सिद्धांत है जिनके हम विरोध में है; ना कि मनुष्य के, जो परमेश्वर का सेवक है।

144 अब, यदि हमारे पास यहाँ प्रत्येक को परखने के लिए होता है, तो आप क्या सोचते हैं मैं कितनी देर यहां पर रह पाऊंगा? मैं मुर्छित हो जाऊंगा जब मैं... लगभग छह, पांच या छह, दस लोगों के बाद; थोड़े और, हो सकता है आधे, एक चौथाई लोगों के बाद, मैं नही कर पाऊंगा, बाकी के लोगों के लिए प्रार्थना नहीं हो पाएगी। हम ऐसा नहीं कर सकते। और जैसा कि यह... लेकिन आपको इसकी जरूरत नहीं है। आप जानते हैं आपकी परेशानी क्या है। आप जानते हैं कि आपने क्या किया है, अब अपने पापों को स्वीकार कर ले। यदि आप में से कोई यहां है जिसके ह्रदय में जरा सा संदेह भी है, उसे अभी निकाल दे और परमेश्वर से कहे कि आपको क्षमा कर दे। यदि आप परमेश्वर के साथ सही नहीं हैं, परमेश्वर से कहें कि आपको क्षमा करें। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, और आप परमेश्वर के साथ सही नहीं हैं, तो आपके लिए यहाँ पर आना जरा भी भला नहीं करेगा। आप अपना समय नष्ट कर रहे हैं। यह सत्य है। अब, भाइयों, क्या यह सही बात है? यह सही है।

145 इधर देखिए। यहां पर भाई किड खड़े हैं। मैं लगभग दो वर्ष पहले उन

तक पहुँचने के लिए अपने कार के टायर को फाड़ने के लिए तैयार था, ताकि... वे कैंसर से मर रहे थे, उस दिन वे मरने वाले थे। उसकी पत्नी ने मुझे से कहा, “जल्दी करिए!” कहा, “वह अब मर रहे है।” जब मैं वहां पहुंचा, प्रभु ने उसे चंगा कर दिया। और यहाँ वह अब भी खड़े है। और मैं सोचता हूं उनका वजन भी *बहुत बढ़* गया है और हर एक चीज। पहले के एक बुजुर्ग अनुभवी व्यक्ति, आप जानते हैं। वो इस प्रकार का मनुष्य था जिसके विषय में मैं वर्षों पहले बात कर रहा था, जिसने प्रचार किया; और ठीक उस वचन पर ही टिका रहता, और लोग उस पर हंसते। और वह और उसकी पत्नी रेल की पटरियों पर चल कर जाते और अन्य सभी चीजों को किया, और दूर ऊपर पहाड़ों की चोटी पर गये, और कोयले की खदानो, और बाहर निकाला गया, और जेल में डाला गया, और हर एक चीज को किया। यही वह मनुष्य है जो ईनाम जीतने के लिए लड़ा, वो इस प्रकार का है।

146 अब, भाइयों, मैं आपसे कहता हूं, संभव है आपके पास परखने की आत्मा ना हो। इसका होना जरूरी नहीं है, देखो, यह—यह आवश्यक नहीं है। पहली चीज, आप वचन के पक्के व्यक्ति है। आप मुझसे कहीं अधिक अच्छे प्रचारक हो, क्योंकि मैं—मैं बहुत बड़ा प्रचारक नहीं हूं। लेकिन मैं... लेकिन आप—आप अभिषिक्त हैं, कोई भी मनुष्य जिसे सुसमाचार प्रचार के बुलाया गया है, बीमारों को चंगा करने के लिए बुलाया है; सबके लिए आज्ञा ये है: “सारे संसार में जाओ और हर एक सृष्टी को सुसमाचार प्रचार करो। वह जो विश्वास करता है और बपतिस्मा लेता है बच जाएगा। जो विश्वास करेंगे उनके ये चिन्ह होंगे। यदि वे बीमारों पर हाथ रखेंगे,” इत्यादि, “वे चंगे हो जायेंगे।” यदि आपको सेवकाई के लिए बुलाया गया है, तो आपको बीमारों के लिए प्रार्थना करने को बुलाया गया है।

147 और कारण जो मैं ऐसा कहता हूं जिससे यह श्रोतागण... ताकि वे देख सके कि उन्हें किसी विशेष व्यक्ति के लिए रुके नहीं रहना है, ओरल रॉबर्ट्स, टॉमी हिक्स, टॉमी ओसबोर्न, मैं खुद, कोई तो जो चंगाई की सभा के लिए आता है। मैं चाहता हूं कि वे देखे कि आप परमेश्वर के जन है। समझे? आप एक मनुष्य है... आपको वैसे ही किसी पर भी हाथ रखने का अधिकार है जैसे—जैसे मेरा या किसी का भी है। आखिरकार, भाइयों, आप सब जानते हैं, सेवकों के रूप में—रूप में, यह परमेश्वर में उनका अपना विश्वास है जो काम को करता है। क्या यह सही है? हम केवल उनके लिए प्रार्थना

करते हैं।

148 अब आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, क्या वो पवित्र आत्मा का आत्मा वहां आपके साथ है?" निश्चय ही। जी हां, श्रीमान!

149 अब आपके लिए श्रोता–... , वहां पंक्ति में यदि आप सम्पूर्ण ह्रदय से विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करने जा रहा है, अपना हाथ उठाये, कहे, "मैं इसे स्वीकार करता हूं।"

150 अब, यहाँ आये, यह—यह महिला यहाँ पर आये। मैं आपको नहीं जानता, मैंने आपको कभी नहीं देखा। यदि पवित्र आत्मा मुझे बताएगा, इसी प्रकार मेरे भाई लोग जो यहां है, इस प्रकार की उपस्थिति में, इसलिए ये सारे यहां मेरे आसपास खड़े हुए हैं। और केवल इतना ही नहीं, मेरे भी लोग यहाँ पर है, और मेरा प्रभु यहां पर है। यह उनका भी प्रभु है। अब, यदि वह मुझे यह बताए कि आपके साथ कुछ तो गलत है, आपके साथ जो कुछ भी गलत है, आप जान जायेंगे कि यह सत्य है या नहीं। मैं उन्हें चाहता हूं, मैं श्रोतागण को चाहता हूं, मैं चाहता हूं कि लोग देखें कि पवित्र आत्मा यहां मंच पर है कि आत्मा की परख को देता है, लेकिन यह किसी को भी चंगा नहीं करता। लकिन यदि वह मुझे आपके विषय में कुछ तो बताए, जो कि आप जानते हैं कि मैं इस विषय में कुछ नहीं जानता, जैसे कि वह स्त्री जो कुएं पर थी... यह उस प्रकार का मामला नहीं है, लेकिन मेरा अर्थ एक पुरुष और महिला पहली बार मिल रहे हैं। यीशु, एक प्रकार का मध्य आयु का मनुष्य था, और ये स्त्री शयद एक युवा स्त्री थी, हो सकता है आपके जैसी।

151 और यदि वह ऐसा करेगा, मुझे बता सकता है कि आप यहां किस के लिए हैं, आपकी परेशानी क्या है, क्या आप विश्वास करेंगी कि ये उसी का ही आत्मा होगा जो यह करेगा? भाईयो क्या आप यह विश्वास करेंगे? कि वही प्रभु यीशु यहां पर खड़ा हुआ है? आप श्रोतागण इसी बात को विश्वास करते हैं? क्या आप जो प्रार्थना पंक्ति में है इसी बात का विश्वास करते है, और जानते हैं कि ये मनुष्य... ? क्या मैं उन्हें यहां बुलाऊं यदि मैं सोचता हूं कि वे नहीं... ? इस तरह से प्रचार करने के बाद, और जो बातें मैंने कही हैं, और फिर उन लोगों को यहां बुलाऊं जो अयोग्य है? मैं ऐसा नहीं करूंगा। मैं उसी चीज को परास्त कर दूंगा जिसके लिए मैं लड़ रहा था। समझे? मैं उन में विश्वास करता हूं। मैं विश्वास करता हूं कि ये लोग

परमेश्वर के जन हैं।

152 अब देखिए यदि पवित्र आत्मा नजदीक खड़ा होता है। केवल आपसे बात करने के लिए, मैं कोशिश कर रहा हूं... आप कहते हैं, "आप क्या कर रहे हैं, भाई ब्रन्हम? " वही चीज जो यीशु ने उस स्त्री के साथ किया, कहा, "मुझे पीने को पानी दे," वह केवल उस स्त्री से एक मिनट बात करने की कोशिश कर रहा था, पता लगाने के लिए उसकी परेशानी क्या थी।

153 आपकी समस्या घबराहट है, यही है जो आप सफर कर रही है। यदि यह सही है, तो अपना हाथ उठाये। अब, भाइयों, वह सच में ऐसी नहीं दिखती, क्या वो ऐसी दिखती है? वह नहीं दिखती, लेकिन यही उसकी समस्या है। वह लंबे समय से ऐसी ही स्थिति में है। हमेशा पहले से ही सोचकर चिंता करना, और ऐसी ही इत्यादि बातें। यह सही है। यही आपका स्वभाव है, आप इसी तरह से हो, घबराहट भरे; हमेशा ही कल्पना करती है कि कुछ तो घटित होने को है, ऐसा नहीं होता। कभी–कभी शैतान आपको बताता है, "इसमें कुछ भी नहीं है, बस तुम पिछड़ गयी हो, तुमने वो रेखा पार कर दी है।" मैं आपके मस्तिष्क को नहीं पढ़ रहा हूं, लेकिन मैं पढ़ रहा हूं जो... मैं ये जान रहा हूं कि उसने आपसे क्या बात की है, क्योंकि मैं देखता हूं आपके मन में क्या है।

154 अब, यीशु ने उनके विचारों को जान लिया। क्या यह ठीक है? अच्छा, यही है जो ठीक अभी घटित हुआ है। क्या यह सही है? यहां, मुझे आपको कुछ तो बताने दो, ताकि आप जान सके। यहां आप वास्तव में किसी और के लिए खड़ी हैं। यह सही बात है। यही बात है, आप देखिए, आप इसे तब तक नहीं पकड़ सकते। अब, यदि प्रभु मुझ पर प्रगट करेगा कि आप यहां किस लिए खड़ी हैं, किसी और के लिए, तो क्या मेरा विश्वास करेगी कि मैं उसका भविष्यव्यक्ता हूं? यह आपकी मां के लिए है। आप विश्वास करती हैं परमेश्वर मुझे बता सकता है कि उसकी परेशानी क्या है? तो ठीक है, उन्हें हृदय रोग है, उच्च रक्तचाप, पित्त में पथरी, जटिलताएं हैं। यह सही बात है, क्या ऐसा नही है? समझे? अब, यह पवित्र आत्मा है, क्या नहीं है?

155 अब, यहाँ मुझ पर कुछ तो है और इन भाइयों पर। समझे? अब यहाँ कुछ तो है, पवित्र आत्मा। अब, आप विश्वास करते हैं; आप, जैसे कि हम पंक्ति से होकर गुजरते हैं।

आइए हम सब अपने सिरों को झुकाये जब हम इन लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं।

156 अब, स्वर्गीय पिता, हम अपने हाथ इन लोगों पर रखने जा रहे हैं। और अब मैं इनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं। यहां आपके शाही सेवक खड़े हुए हुये हैं, और हम सब बीमारों पर हाथ रखने जा रहे हैं, क्योंकि आपने ऐसा करने को कहा है। हम इसे यीशु मसीह के नाम में करने जा रहे हैं। होने पाए लोग केवल यहां से ऐसे ही बाहर ना निकले, लेकिन होने पाए वे यीशु मसीह के नाम में चंगे होते हुए निकले। आमीन!

157 प्रभु आपको आशीष दे। अब नजदीक से होकर चले।

प्रभु यीशु के नाम में, चंगे हो... प्रभु यीशु के नाम में, मेरे भाई को चंगा करे। प्रभु यीशु के नाम में, मेरी बहन को चंगा करे।

158 अब, बस—बस एक मिनट! देखिए! भाईयों और बहनों, क्यों यह आपका आनंद हैं, जब वह महिला, जब विचारों का परखना घटित हुआ, और जब दूसरे लोग आकर निकले तो कुछ भी नहीं हुआ? लोग पंक्ति से होकर निकलते है, "तो, यदि मेरा विचारो को परखना नही होता है, तो, फिर मुझे कोई चंगाई नहीं मिली।" उसका इससे कोई भी लेना–देना नहीं है, वह यहां उसी तरह से है। समझे?

159 जब आप यहां से निकलते हैं, तो अपने हाथों को ऊपर करके आए, कहते हुए, "धन्यवाद, प्रभु यीशु। मैं आपको अपना चंगाकर्ता स्वीकार करता हूं, और मैं इसी के साथ जा रहा हूं। इन में से एक व्यक्ति मुझे बपतिस्मा देने जा रहा है, मैं सीधा पानी के तालाब में जा रहा हूं और बपतिस्मा को लुंगा, और बाहर निकल कर और जानते हुए कि आपने प्रतिज्ञा की है कि मैं पवित्र आत्मा को पाऊंगा।"

160 देखिए, यह... विचारो का परखना अब भी यहाँ पर है। यह यहाँ अब भी उसी तरह से है... यहाँ, ये कौन है? यह व्यक्ति जो यहाँ है? मैं आपके लिए अपरिचित हूं। क्या मैं हूं, श्रीमान? मैं आपको नहीं जानता। क्या... यदि परमेश्वर मुझे बताएगा कि आपकी क्या परेशानी है, तो क्या आप मेरा विश्वास करेंगे कि मैं उसका भविष्यव्यक्ता हूं, उसका सेवक? आप अपने पूरे ह्रदय से करेंगे? तो ठीक है, श्रीमान। धन्यवाद, श्रीमान। यह एक बहुत ही अच्छी आत्मा है, एक बहुत ही अच्छी चीज है। इस सब के बाद, आप यहां किसी और के लिए खड़े हैं। यह सही बात है। "यह आपका पोता है,

जिसे पोलियो है, उस दिन गिर पड़ा और उसका इससे पैर टूट गया," यह **यहोवा यों कहता है** वाला वचन है! क्या यह सही बात है? यह सही है! जाये और अब विश्वास करे, और वह चंगा हो जाएगा।

161 अब, हर कोई विश्वास करता हुआ आये, बस आ जाये। [प्रार्थना की पंक्ति तीन मिनट अड़तीस सेकंड तक चलती है, भाई ब्रन्हम के बहुत से शब्द साफ़ समझ में नहीं आते है—सम्पा।]... ? ...

धन्य है वह बंधन जो बांधता है
हमारे ह्रदयो को मसीही प्रेम में;
भाईचारे के मन की संगति
यह ऊपर के समान ही है।

यहाँ हमारे पिता के सिंहासन के सामने,
हम हमारी उत्सुक प्रार्थना को सामने रखते हैं;
हमारे भय, हमारी आशाएं, हमारे उद्देश्य एक है,
हमारे ढाढ़स और हमारा चिंतक।

162 हम वहां पर खड़े है, परमेश्वर के छोटे, अपाहिज बच्चे, अंधे, विकृत। सुसमाचार के सेवकों, आप जानते हैं हमारे पास चंगा करने की सामर्थ नहीं है। लेकिन हमारा महान प्रभु यीशु मसीह इन चिन्हों को भेज रहा है, और शैतान को निकम्मा ठहराता है, जिसने आपको बांध रखा है। हम शैतान को निकम्मा ठहराते हैं... ? ... हम अंधेपने को निकम्मा ठहराते हैं... ? ...

163 परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम में, हम मांगते हैं कि परमेश्वर उन्हें विश्वास के लिए भरोसा देगा कि विश्वास की प्रार्थना ने बीमार को बचा लिया है, और परमेश्वर उन्हें उठा कर खड़ा करेगा, और वे फिर से चंगे हो जाएंगे। सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इसे प्रदान करे, यीशु मसीह के नाम में।

164 अब, आप भाई लोग जो वहां से चले गए... ? ...

165 आप सब बाकी के लोग अब प्रार्थना में रहे, जबकि हम... सेवकगण उन लोगो के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं, अब। हम प्रार्थना करते है, और हाथों को रखते है।

166 स्वर्गीय पिता...

आप जो वहां श्रोतागण में है जो प्रार्थना पंक्ति में नहीं आ पाये, अब एक दूसरे पर अपने हाथों को रखें। अपने हाथों को एक दूसरे के ऊपर रखें।

167 हमारे स्वर्गीय पिता, हम इस श्रोतागण को आपके पास ला रहे हैं जैसे कि हम इस सेवकाई और इस अभियान को यीशु मसीह के झंडे के नीचे, जो महान अभिषिक्त परमेश्वर का महायाजक, इम्मेनुएल है, वो खड़ा हुआ है, मुर्दों को जिलाया, जो सदा के लिए जीवित है ताकि बिचवाई को करे; उसकी महान उपस्थिति अब हमारे साथ है, उसकी पवित्र सामर्थ हमारे ऊपर है कि हमें दर्शनों को दिखाये, भविष्यवाणी करे, बीमारों पर हाथों को रखे। परमेश्वर का अचुक वचन उसके पास कभी भी व्यर्थ नहीं लौट सकता। मैं बीमारी के हर शैतान को निकम्मा ठहराता हूं, पाप की हर सामर्थ को, हर अविश्वास को, यीशु मसीह के नाम में, होने पाए ये लोगों में से तीतर–भीतर हो जाए और होने पाए वे चंगे हो जाए।

168 प्रभु, इन सेवक भाइयों को आशीषित करे, जैसे कि ये लोग एक ह्रदय और एक चित्त में एकत्र हुए हैं, और कलीसिया के सारे लोग। हे सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इस बड़े मिडलटाउन, ओहियो में, इसके बाद अपनी बेदारी को भेजे, प्रभु, जो एक ओर से दूसरी ओर फैल जाए, और हड्डियां एक साथ जुड़ जाए, प्रभु, और खाल की नसें। और होने पाए परमेश्वर की सामर्थ एक शक्तिशाली एकजुट कलीसिया को यहां इस शहर में उठाकर खड़ा करे जो कि फ़ैल जाए, जो एक आदर्श कलीसिया हो, इस सारे राष्ट्र में, जिससे कि लोग इस शहर में परमेश्वर की सामर्थ को देखने आ सके। प्रभु, इसे प्रदान करें। बीमारों और पीड़ितों को चंगा करे, खोए हुओं को बचाये, और आप स्वयं के निमित महिमा को पाए।

169 इसे प्रदान करें, कि ये सारे रूमाल और छोटे–छोटे पार्सल जो यहां पर रखे हुए हैं... मैं प्रार्थना करता हूं, प्रभु, कि पवित्र आत्मा हम पर, और इस भवन में हमारा अभिषेक करे, होने पाए उनमें से हर एक जन चंगा हो जाए। बाईबल में ये लिखा है जब इस्राएल अपने कर्तव्य के मार्ग पर था, अपने मार्ग पर ताकि प्रतिज्ञा के देश की ओर जाए, तो वो लाल सागर मार्ग में आ गया। और एक लेखक ने कहा, “परमेश्वर ने उस अग्नि स्तंभ में से नीचे देखा और लाल सागर डर कर पीछे हट गया, और इस्राएल प्रतिज्ञा के देश की ओर चला गया जिसकी प्रतिज्ञा की गयी थी।”

170 और अब, यह बाईबल में है, यह लिखा हुआ है, “मैं उन सभी चीजों से ऊपर रखूंगा ताकि तुम स्वास्थ्य में फलो–फूलो।” और जब ये रूमाल लोगों के पास पहुंचे, जहां कि शैतान ने उनके सामने लाल सागर को रखा

हुआ है, होने पाए कि परमेश्वर अपने पुत्र यीशु मसीह के लहू में से होते हुए नीचे देखे, और हर बीमारी को निकम्मा ठहराए उनके लिए जो यहां पर नहीं आ सके; और होने पाए बीमारी चली जाये और परमेश्वर के वचन और परमेश्वर की प्रतिज्ञा और परमेश्वर का अभिषेक से भयभीत हो जाए, और होने पाए लोग उस अच्छी प्रतिज्ञा के अच्छे स्वास्थ्य और शक्ति में से होते हुए पार चले जाए। प्रभु इसे प्रदान करें। और हम इस सभी को आपको समर्पित करते हैं, आपके प्रेमी पुत्र के नाम में, हमारा बचाने वाला यीशु मसीह। आमीन।

171 सभा के लोगों, उसके सामने जो हम सभी को जानता है, उसके सामने जिसने हमें उठा कर खड़ा किया कि इस संसार में उसके उत्तराधिकारी हो, उसकी कलीसिया में, होने पाए परमेश्वर की बहुतायात की आशीषे आप सब पर हो, जब तक हम फिर से ना मिले। हमारी अगली सभा, ज्ञात है, कि आराधनालय में होगी, रविवार की सुबह, ईस्टर रविवार की सुबह। तब मैं जा रहा हूं... यहां से इलिनॉय में जा रहा हूं। आपको आशीष मिले, अपनी कलीसियाओ में उपस्थित रहे, इन अच्छी कलीसियाओ में उपस्थित रहे, अपने ह्रदयो को एक साथ बनाए रखे। परमेश्वर के वचन पर बने रहे! उसके लिए जीये, क्योंकि आपके सामने भयानक चीजे रखी हुई है, इसे याद रखें!

172 जब तक हम नहीं मिलते है, आइये हम खड़े हो और गाए:

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

173 अब, आदरपूर्वक, किसी के साथ जो आपके पीछे, आपके आगे, बराबर में खड़ा है, उससे हाथ मिलाये।

मैं उससे प्रेम करता हूं...

अब हर कोई।

... मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने मुझसे पहले प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

174 अब अपने हाथ परमेश्वर की ओर उठाये, अब बहुत जोर से, हर कोई इसे गुंजाये।

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

175 आइये अब हम हमारे सिर को झुकाये।

जब तक हम ना मिले! जब तक हम ना मिले!
जब तक हम यीशु के चरणों पर ना मिले;

याद रखें, हम से बहुत से फिर से कभी नहीं मिलेंगे तब तक।

जब तक हम ना मिले! जब तक हम ना मिले!
जब तक हम फिर से ना मिले परमेश्वर आपके साथ हो!

176 अब इसे गुनगुनाये। आपका पास्टर। भाई सुलिवन, जब तक हम ना मिले, मेरे भाई।

61-0319 ईजेबेल का धर्म
नेशनल गार्ड अर्मोरी
मिडिलटाउन, ओहियो यू.एस.ए

HINDI

©2026 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

Voice Of God Recordings, India Office
19 (New No: 28) Shenoy Road, Nungambakkam
Chennai 600 034, India
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

Voice Of God Recordings
P.O. Box 950, Jeffersonville, Indiana 47131 U.S.A.
www.branham.org